मंगलवार, 10 जून 2025

**मौसम**



तापमान 27 – 36
आर्द्रता 72%
सूर्योदय: 4:51 सूर्यास्त: 18:20

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



सुविचार : अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने का हर सुबह एक नया मौका है।



एसएससी नियुक्ति पर हाई कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इंकार पृष्ठ 3









# बंगाल में कोविड की स्थिति को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं : ममता



## मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण को लेकर तैयारियों पर उच्चस्तरीय बैठक की

**कोलकाता :** देश में कोविड संक्रमण के मामलों में फिर से वृद्धि को देखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोगों से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फिलहाल घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन सावधानी जरूर बरतनी होगी। सोमवार को मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें राज्य की कोविड-19 को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव मनोज पंत, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कोलकाता नगर निगम समेत नगर निकायों के प्रतिनिधि और पंचायत विभाग के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर लोग सरकारी अस्पतालों में इलाज कराएं। हमारे सरकारी अस्पतालों में पूरी चिकित्सा सुविधा मौजूद है। उन्होंने बताया कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग से लेकर पंचायत और नगर निकाय स्तर तक सभी प्रशासनिक इकाइयों के साथ समन्वय बनाकर व्यापक तैयारी की गई है, ताकि यदि पिछली बार की तरह संकट गहराए तो उससे निपटने के लिए पूरी व्यवस्था पहले से तैयार रहे। मुख्यमंत्री ने खासतौर पर वृद्ध नागरिकों और पहले से हृदय, फेफड़े या अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को को-मॉर्बिड स्थितियां हैं, उन्हें समय पर उचित इलाज कराना चाहिए। सरकार आपके साथ थी, है और रहेगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि कोविड के किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर नागरिकों को बिना देरी के सरकारी अस्पतालों में इलाज कराना चाहिए, क्योंकि वहां सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं।

### राज्य में कोविड-19 के 54 नए मामले, सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 747 हुई

राज्य में बीते 24 घंटों में कोविड-19 के 54 नए मामले सामने आए हैं, जिससे राज्य में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 747 तक पहुंच गई है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस अवधि में 53 मरीजों ने संक्रमण से पूरी तरह से रिकवरी कर ली है। राहत की बात यह रही कि बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में कोविड से किसी भी मरीज की मृत्यु दर्ज नहीं की गई, जिससे कुल मृतकों की संख्या एक पर स्थिर बनी हुई है। राज्य सरकार ने अब तक इस मामले में कोई विशेष अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से सतर्क रहने और स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## आतंकवाद संबंधी चिंताओं के समाधान होने तक भारत सिंधु जल संधि पर बातचीत नहीं करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान के साथ तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक कि आतंकवाद के संबंध में नयी दिल्ली की चिंताओं का समाधान नहीं हो जाता और संधि को पूरी तरह से नया रूप नहीं दे दिया जाता। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। सूत्रों के मुताबिक, अपनी भारतीय समकक्ष देबाश्री मुखर्जी को लिखे कई पत्रों में मुर्तजा ने बार-बार अपनी सरकार की ओर से नयी दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की है। सूत्रों ने बताया कि भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है।

## एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक स्थगित किया गया : इसरो

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार शाम को बताया कि मौसम की स्थिति के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के लिए कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट को मंगलवार शाम को अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर (केएससी) से उड़ान भरनी थी। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, ''मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 जून 2025 के बजाय 11 जून 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है। प्रक्षेपण का लक्षित समय 11 जून 2025 को (भारतीय समयानुसार) शाम 5:30 बजे है।'' शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा से 41 वर्ष बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी हो रही है।

## एसबीआई ने 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया

**नयी दिल्ली :** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया। इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे। वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मिला।'' एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था। बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपये था।

## वक्फ अधिनियम के तहत केंद्रीय नियम बनाने के कार्य में काफी प्रगति हुई है : अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना को अपनी उपलब्धियों में शामिल किया और कहा कि इस कानून के तहत केंद्रीय नियम बनाने के कार्य में काफी प्रगति हुई है। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सभी योजनाएं अब समर्पित पोर्टल के माध्यम से क्रियान्वित की जाती हैं, जिससे लाभार्थियों के लिए पूर्ण पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित होती है। बयान में कहा गया, ''संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा व्यापक विचार-विमर्श के बाद, ऐतिहासिक वक्फ संशोधन अधिनियम को अधिसूचित किया गया, जिससे वक्फ प्रशासन एवं सामुदायिक कल्याण को मजबूती मिली।'' मंत्रालय ने छह जून, 2025 को पोर्टल 'उम्मीद' शुरू किया, जो कल्याणकारी योजनाओं को सुव्यवस्थित करने और अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण डिजिटल मंच है।

## बांग्लादेश हिंसा में शामिल व्यक्ति का नाम पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में मिला

### ममता सरकार पर लगे गंभीर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में अगस्त 2024 में हुए छात्र प्रदर्शन में कथित रूप से शामिल रहे एक व्यक्ति का नाम पश्चिम बंगाल में मतदाता के रूप में पाये जाने के बाद, राज्य में कथित अवैध घुसपैठ और मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर भाजपा-तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। बांग्लादेश में 2024 के विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले न्यूटन दास नामक व्यक्ति की कई तस्वीरें ऑनलाइन सामने आई हैं। विरोध प्रदर्शनों ने पड़ोसी देश में शासन परिवर्तन और प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विवाद के बावजूद, दास ने भारतीय नागरिकता होने का दावा किया है और अपने दावे के समर्थन में पैन कार्ड और आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। दास ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपनी पैतृक संपत्ति से संबंधित कुछ समस्याओं के कारण 2024 में बांग्लादेश गया था, लेकिन मैं अप्रत्याशित रूप से वहां प्रदर्शन में फंस गया। मैं 2014 से काकद्वीप में मतदाता हूं। हालांकि, 2017 में मेरा वोटर कार्ड खो गया था, लेकिन मैं स्थानीय विधायक मंटूराम पाखीरा की मदद से इसके अगले साल एक नया कार्ड बनवाने में कामयाब रहा। मैंने 2016 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान भी अपना वोट डाला था। हालांकि, उसने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह भारत में रहता है या बांग्लादेश में। विरोधाभासी विवरण में, दास के करीबी रिश्तेदार तपन ने काकद्वीप में संवाददाताओं को बताया कि न्यूटन का जन्म बांग्लादेश में हुआ था और वह दोनों देशों में मताधिकार का प्रयोग करता है। तपन दास ने कहा कि न्यूटन का जन्म बांग्लादेश में हुआ था और दोनों देशों में उसके पास मतदान का अधिकार है। महामारी के बाद वह अपनी कुछ पुश्तैनी जमीन बेचने के लिए भारत आया और तब से यहीं रह रहा है।

## शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ एफआईआर कराने वाले वजाहत खान को कोलकाता पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पुणे की लॉ स्टूडेंट शर्मिष्ठ पनोली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाले वजाहत खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोलकाता पुलिस ने हेट स्पीच के मामले में वजाहत खान को अमहर्स्ट स्ट्रीट से पकड़ा है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर और पैंगबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी को लेकर वजाहत खान ने गुरुग्राम में रहने वाले शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ कोलकाता में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद, वजाहत खान की कुंडली सामने आई थी। इसमें उसके खिलाफ हिंदू देवी-देवताओं के अपमान को लेकर असम और दिल्ली में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद, कोलकाता पुलिस ने भी केस दर्ज किया था। कोलकाता पुलिस के अनुसार, वजाहत खान को सोमवार की शाम अमहर्स्ट स्ट्रीट थाना इलाके से गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ़्तार किया गया। उन पर सोशल मीडिया पर कथित तौर पर नफरत फैलाने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में बीएनएस धारा 196(1)(ए)/299/352/353(1)(सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भारत ने बीते 11 वर्षों में विविध क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। सोशल मीडिया मंच पर किए गए पोस्ट में उनके द्वारा साझा किए गए एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों से हैं।इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी साख को उजागर करना है। पोस्ट में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में, हाशिए पर पड़े इन समूहों का यह अब तक का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। 'एक्स' पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं।उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या 'पीएम आवास', आयुष्मान भारत' हो या 'भारतीय जनऔषधि' या फिर 'पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही हम आशा, विश्वास और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ ''11 साल की सेवा'' हैशटैग इस्तेमाल किया, जबकि विभिन्न क्षेत्रों में किए गए बदलावों के विवरण के लिंक साझा किए। पोस्ट में कहा गया है कि मोदी ने विकास की राजनीति 'विकासवाद' को मुख्यधारा में ला दिया है, जिससे यह केंद्र बिंदु बन गया है जिसके इर्द-गिर्द अब राजनीतिक विमर्श और नीतिगत कार्रवाई घूमती है। पोस्ट में कहा गया है कि 2014 में पदभार संभालने के बाद से 'भारत प्रथम' ने उनकी हर नीति और कार्रवाई का मार्गदर्शन किया है। पोस्ट के अनुसार, 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न मिल रहा है, 15 करोड़ से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन पहुंचा है, गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए हैं, 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं, 68 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण मिले हैं, छोटे उद्यमियों को 52.5 करोड़ ऋण दिए गए हैं और 20 करोड़ महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान नकद सहायता दी गई है।






राजा हत्याकांड में खुलासा

# मेघालय में इंदौर के व्यक्ति की उसकी पत्नी ने कराई थी हत्या



**शिलांग/इंदौर/लखनऊ/झांसी :** मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी शामिल थी, जिसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आई नोंगरांग ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सोनम के पिता ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है जबकि राजा के भाई ने कहा कि अगर सोनम दोषी पाई जाती है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। डीजीपी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राजा की पत्नी सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि रातभर की छापेमारी के बाद तीन अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये तीन लोगों में से दो मध्यप्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर का निवासी है। 'पीटीआई-वीडियो' के अनुसार, पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक 'होमस्टे' से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में मिला था। उन्होंने बताया, 'एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और दो अन्य आरोपियों को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इंदौर से पकड़ा।' नोंगरांग ने बताया, 'सोनम ने उत्तर प्रदेश के नंदगंज थाने में आत्मसमर्पण कर दिया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।' डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। 'पीटीआई वीडियो' के अनुसार पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) मध्यप्रदेश के इंदौर से था।' पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'सोनम रघुवंशी फिलहाल पुलिस हिरासत में है। आज अपराह्न हमने मध्यप्रदेश के सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया।' इस बीच, उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने एक बयान में कहा, 'इंदौर के गोविंदनगर खारचा की निवासी सोनम रघुवंशी रात में वार-णसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा पर मिली। उसे प्रारंभिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और फिर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया।'

### पांच लोग पकड़े गए : पुलिस

### राजा रघुवंशी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, सिर पर दो बार धारदार हथियार से वार किया गया

**शिलांग :** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में मारे गए इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी के सिर पर किसी धारदार चीज से दो बार प्रहार किया गया था। सोमवार को उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। पूर्वी खासी हिल्स जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रघुवंशी का शव खाई से बाहर निकालने के बाद जांच के दौरान पुलिस ने उसके सिर पर दो कट के निशान देखे। पोस्टमार्टम पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान संस्थान (एनईआईजीआरआईएचएमएस) में किया गया।

## आर्थिक असमानता दूर करनी भी जरूरी

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि कही जा सकती है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं।

इसमें दो राय नहीं कि वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों से देश में आर्थिक असमानता को बढ़ावा मिला है। वहीं तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने एक छोटे वर्ग को असंगत रूप से लाभान्वित किया है। निश्चित रूप से नई आर्थिक नीतियों की विसंगतियों से उपजे असमान परिदृश्य में लाखों लोग गरीबी की रेखा से ऊपर तो उठ गए,लेकिन वे बीमारी, नौकरी छूटने या जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं जैसे संकटों के प्रति संवेदनशील बने हुए हैं। आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक रूप से हाशिये पर रहने वाली आबादी के बड़े हिस्से के लिये यह खतरा बना हुआ है। एक मजबूत सुरक्षा कवच का अभाव इस संकट की संवेदनशीलता को बढ़ा देता है। भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान,समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। निर्धन आबादी के लिये जनकल्याण की योजनाएं जरूर चलायी जानी चाहिए, लेकिन एक वक्त के बाद सरकारी सहायता पर उनकी निर्भरता को कम करना भी उतना ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।

## एक गाय का शव जलाने से जुड़े मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिले के मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर एक गाय के शव को जलाने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को एक व्यक्ति और उसके दो घरेलू सहायकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अदालत में पेश किये जाने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। मांट थाने के प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि शनिवार को थाने को सूचना मिली कि जमुना प्रसाद नामक व्यक्ति ने अपने घरेलू सहायकों देवी प्रसाद और सतेन्द्र की मदद से एक मृत गाय के ऊपर लकड़ी व झाड़ी डालने के बाद उसमें आग लगाकर उसे जलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को आहत करना) के तहत मुकदमा दर्ज करके सोमवार को तीनों आरोपियों को नसीटी रोड पर एक ढाबे के पास से गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्यवाही के बाद तीनों को जेल भेजा दिया गया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 जून, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 11:33 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 17:52 तक, योग : सिद्ध, 13:34 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 17:42, चन्द्रास्त: 03:38, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 14:56 से 16:36

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता सबका ध्यान आकर्षित करेगी। धन के मामलों में दिन शानदार रहेगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों का दिन शुभ है और आप कारोबार में रणनीतिक बदलाव की योजना बना सकते हैं जो आगे चलकर बड़े लाभ में बदल सकती है। निवेश के लिए दिन अच्छा है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन कुछ चुनौतियों से भरा हो सकता है, लेकिन आपकी चतुराई और संवाद कला से कठिन परिस्थितियां भी सुलझ सकती हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए लाभ के योग हैं। ऑफिस में आपका आचरण और निर्णय दोनों ही प्रभावी सिद्ध होंगे। उच्च पदस्थ व्यक्तियों से वार्ता सफल हो सकती है।

**सिंह :** सिंह के राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा और आपका आत्मविश्वास काफी ऊंचा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उपस्थिति महत्वपूर्ण मानी जाएगी। कुछ अप्रत्याशित आय हो सकती है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में नए बदलाव की शुरुआत हो सकती है, चाहे वह स्थान परिवर्तन हो या नई जिम्मेदारी। धन संबंधित मामलों में उन्नति के संकेत हैं।

**तुला :** तुला राशि के लिए दिन व्यस्त रहेगा परन्तु कार्य सफलता दिलाएगा। किसी पुराने संपर्क के माध्यम से नौकरी या व्यापार में अच्छा अवसर मिल सकता है। कारोबार में भी लाभ के संकेत हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली सबको प्रभावित करेगी, खासकर यदि आप रिसर्च, लेखन, सर्जरी या रहस्यात्मक विषयों से जुड़े हैं तो।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का दिन शुभ है। आपकी ऊर्जा और जोश से कार्यस्थल का वातावरण भी प्रेरित होगा। यदि आप किसी इंटरव्यू की तैयारी कर रहे हैं, तो सफलता की संभावना है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। आपके परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ प्रमोशन के संकेत भी मिलेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए दिन रणनीति बनाने और बड़े फैसले लेने का है। कार्यस्थल पर बदलाव की संभावना है, जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन शुभ है। धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण से कठिन कार्यों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर पाएंगे। कार्यस्थल पर सहकर्मी आपकी मदद लेंगे।

# हमारे लिए न कोई अगड़ा है, न पिछड़ा, न दलित, कानून तोड़ने वाले को सजा मिलेगी: केशव मौर्य

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए न कोई अगड़ा है, न पिछड़ा और न दलित, कानून तोड़ने वाले को सजा मिलेगी चाहे वह कोई भी हो।

मौर्य ने यह भी कहा कि आप (अखिलेश यादव) बार-बार समाज को जातियों में बांटकर राजनीति करना चाहते हैं, ताकि अपना वोटबैंक और सपा को सफा होने से बचा सकें। दरअसल, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार सुबह 'एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा, भाजपा की अंदरूनी राजनीति की शर्मनाक लड़ाई में अब कौशांबी (मौर्य का गृह जिला) में दो भाजपाई उपमुख्यमंत्री, दो समाज के लोगों को आपस में लड़वा रहे हैं। यादव ने पिछड़ी जाति और अगड़ी जाति के दो गुटों के बीच संघर्ष की ओर संकेत करते हुए बिना किसी का नाम लिए कहा, पहले एक उपमुख्यमंत्री ने नाइंसाफी करते हुए 'पाल' समाज के लोगों को मोहरा बनाया, फिर दूसरे उपमुख्यमंत्री ने अपने उस समाज के नाम पर झूठी सहानुभूति दिखाई, जो समाज (ब्राह्मण) इन दोनों के 'ऊपरवालों' को नहीं भाता है, इसीलिए पीछे से वो भी सक्रिय हो गये, जिनकी पहलेवाले उप मुख्यमंत्री से पुरानी खींचातान है। उन्होंने कहा, और फिर इन ऊपरवालों के ऊपरवालों की भी आपस में टकराहट है, इसीलिए केंद्र वाले कौशांबी की राजनीति करनेवालों के साथ खड़े हैं। ध्यान से समझा जाए तो ये भाजपा की अंदर की राजनीति में मचा एक बड़ा घमासान है, जिसमें दो या दो से अधिक समाजों को आपस में भिड़वाकर 'कौशांबी, लखनऊ, दिल्ली' की भाजपाई राजनीति अपना वीभत्स खेल-खेल रही है, जिसका शिकार जनता हो रही है।

### आजमगढ़ में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत

**आजमगढ़ (उप्र) :** आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंभीरपुर थानाक्षेत्र में आजमगढ़-वाराणसी मुख्य मार्ग पर आजमगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आंचल यादव (21) और अंशिका यादव (20) नामक छात्राओं को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों छात्राओं को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आंचल यादव को बेहतर इलाज के लिए आजमगढ़ भेजा गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, वहीं, अंशिका यादव को लालगंज के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रणथंभौर में बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के रणथंभौर बाघ अभयारण्य में सोमवार को बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दो महीने के भीतर अभयारण्य में बाघ के हमले में यह तीसरी मौत है। पुलिस ने बताया कि राधेश्याम (60) रणथंभौर किले में स्थित जैन मंदिर में पुजारी थे। उसने बताया कि वह सुबह-सुबह नित्य कर्म के लिए गए थे, तभी बाघ ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया, 'शव को बरामद कर लिया गया है।' इस बीच, स्थानीय लोगों ने सवाई माधोपुर-कुंडेरा मार्ग को जाम कर दिया और वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। इससे पहले 16 अप्रैल को त्रिनेत्र गणेश मंदिर के पास बाघ ने सात वर्षीय एक लड़के को मार डाला था, जबकि 11 मई को बाघ के हमले में वन रेंजर देवेंद्र चौधरी की मौत हो गई थी। इन दोनों हमलों में शामिल संदिग्ध बाघ को 14 मई को बेहोश (ट्रंकुलाइज) कर दिया गया था।

### राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी, गंगानगर में पारा 47.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

**जयपुर :** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है जहां सीमावर्ती गंगानगर में लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में तेज गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा। इसके अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान गंगानगर में 47.3 डिग्री, बीकानेर में 45.8 डिग्री, चुरू में 45.6 डिग्री, फलोदी में 45.2 डिग्री, जैसलमेर में 45.0 डिग्री, बाड़मेर में 44.7 डिग्री, अलवर व पिलानी में 44.4 डिग्री, संगरिया में 44.1 डिग्री और करौली में 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सहारनपुर: पूर्वी यमुना नहर में डूबने से तीन युवकों की मौत

**सहारनपुर (उप्र) :** सहारनपुर जिले में चिलकाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नहर में भीषण गर्मी से निजात पाने के लिये सोमवार को नहाने गये तीन दोस्तों की तेज बहाव के कारण डूब जाने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद तीनों युवकों के शवों को नहर से बाहर निकाला गया। तीनों के परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) व्योम बिंदल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आज सोमवार को भीषण गर्मी होने के कारण चिलकाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नगर मे नहाने गये कलीम (35), कुबेर (34) और अदनान (25) पानी के तेज बहाव में बह गये। उन्होंने बताया कि तीनों युवकों को बहता देख आसपास के लोगों ने तुरंत ही इसकी सूचना थाना चिलकाना पुलिस को दी। मौके पर गोताखोरो की मदद से कलीम, कुबेर और अदनान की तलाश की गई। पुलिस ने बताया कि कई घंटो की मशक्कत के बाद करीब पांच बजे उनके शव पानी से बाहर निकाले गये। बिदलं ने बताया कि मृतकों के परिजन भी सूचना मिलते ही नहर पर पहुंच गये लेकिन शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

## राहुल लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, निर्वाचन आयोग को उनके आरोपों का जवाब देना चाहिए : प्रशांत किशोर

**पटना :** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि निर्वाचन आयोग को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बारे में जताए गए संदेहों पर सफाई देनी चाहिए। पूर्व चुनाव रणनीतिकार ने कहा कि हालांकि वह खुद को इन मामलों में 'विशेषज्ञ' नहीं मानते, लेकिन आयोग को लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों का लिखित रूप में जवाब देना चाहिए। किशोर ने संवाददाताओं से कहा, 'कांग्रेस देश में मुख्य विपक्षी



पार्टी है। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। इसलिए निर्वाचन आयोग को उनके द्वारा उठाए गए किसी भी संदेह को दूर करना चाहिए।' विधानसभा चुनाव से पहले जनसुराज पार्टी के लिए जनता का समर्थन जुटाने के वास्ते बिहार के दौरे पर निकले किशोर रविवार देर शाम बेगूसराय में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। राहुल गांधी ने पिछले सप्ताह एक राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक में लेख लिखा था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि पिछले साल महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव 'स्वतंत्र और निष्पक्ष' नहीं थे, यही कारण है कि राजग ने इन चुनावों में जीत हासिल की, जबकि कुछ महीने पहले ही भाजपा नीत गठबंधन को इस राज्य में लोकसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।

## पहलगाम हमले के बाद आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में असिस्टेंट प्रोफेसर को अग्रिम जमानत मिली

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने की आरोपी लखनऊ विश्वविद्यालय की भाषा विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर माद्री काकोटी को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी है। पीठ ने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 25 अगस्त तय की है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने सोमवार को यह आदेश दिया। प्रो.काकोटी के अधिवक्ता एसएमएच रिजवी ने बताया कि पीठ ने अंतरिम अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा कि वादी (प्रो. काकोटी) की ओर से मुख्य तर्क यह रखा गया कि उनका किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है और न ही उन्होंने कभी किसी धरना-प्रदर्शन आदि में भाग लिया है।

## राजस्थान को पानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि राजस्थान को पानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। शर्मा सोमवार को पुष्कर में 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को समझते हुए डेढ़ साल में पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए लगातार निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना से 17 जिलों के लोगों को पेयजल मिलेगा और



लगभग 4.74 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसी तरह, शेखावाटी अंचल में यमुना जल समझौता से क्षेत्र के लोगों को पानी की निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी नहर, देवास परियोजना, माही बांध, सोम-कमला-अंबा सहित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में जल संचयन तथा पानी की उपलब्धता को बढ़ावा दिया जा रहा है। शर्मा ने कहा, 'हम पानी के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं।' आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा, 'जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी को पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण हम सबकी महती जिम्मेदारी है।'

## जासूसी मामला: पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**चंडीगढ़ :** मोहाली की एक अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया था। चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रूपनगर जिले के महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गयी हरियाणा की इंफ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है। हालांकि, सिंह के परिवार ने कहा कि वह निर्दोष है और दावा किया कि 10 दिनों से अधिक समय तक पुलिस के साथ सहयोग करने के बावजूद उसे गिरफ्तार किया गया। सात जून को यूट्यूबर के वकील ने कहा कि पंजाब पुलिस ने उनके मुवक्किल को 17 मई से 30 मई के बीच तलब किया है। सिंह की गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस ने दावा किया कि उसने एक आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क का पता लगाया है, जो उसे पाकिस्तानी खुफिया और सैन्य अधिकारियों से जोड़ता है।

## तेजस्वी ने पत्र का जवाब नहीं देने के लिए नीतीश पर निशाना साधा

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर उस पत्र का जवाब नहीं देने के लिए निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण बढ़ाकर '85 प्रतिशत' करने का आग्रह किया था। पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कुमार पर निशाना साधते हुए आश्चर्य जताया कि क्या जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख के पास 'कोई जवाब नहीं है या...नौकरशाह उन्हें संबोधित पत्र नहीं दिखाते हैं।' बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने



दो पृष्ठों के पत्र की एक प्रति भी साझा की, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि आरक्षण बढ़ाने संबंधी नए विधेयकों को पारित करने के लिए विधानसभा का एक 'विशेष सत्र' बुलाया जाना चाहिए, तथा इसके बाद इन्हें संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे इन्हें न्यायिक पड़ताल से संरक्षण मिल सके। राजद नेता ने कहा कि बिहार विधानसभा द्वारा 2023 में पारित इसी तरह के विधेयक को संवैधानिक चुनौतियों के कारण पटना उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। यादव ने कहा, 'अगर नीतीश कुमार और राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के अन्य सहयोगी जैसे (केंद्रीय मंत्री) चिराग पासवान और जीतन राम मांझी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह मांग पूरी नहीं करवा सकते, तो उन्हें गठबंधन में रहने पर शर्म आनी चाहिए।'

## अब्बास अंसारी ने सजा पर रोक लगाने के लिए अदालत में अपील की, आज हो सकती सुनवाई

**मऊ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश की मऊ सदर विधानसभा सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के निवर्तमान विधायक अब्बास अंसारी ने नफरती भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाये जाने के फैसले के विरूद्ध ऊपरी अदालत में अपील की है। जिला अदालत ने इस अपील पर सुनवाई की तारीख 10 जून तय की है। मऊ की एक अदालत द्वारा नफरती भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गयी है। एक अधिवक्ता के अनुसार विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण के मामले में 31 मई को एक स्थानीय अदालत द्वारा सुनायी गयी सजा के विरुद्ध अब्बास अंसारी ने सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील दाखिल की और सजा पर रोक लगाने का अनुरोध किया। अब्बास अंसारी की ओर से उनके अधिवक्ता दारोगा सिंह ने जिला जज की अदालत में अपील दाखिल की। उन्होंने बताया कि जिला न्यायाधीश सुनील कुमार ने अपील को स्वीकार कर रजिस्टर में दर्ज करने तथा प्रतिवादी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। साथ ही मामले को सुनवाई के लिए स्थानीय सांसद-विधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश राजीव कुमार वत्स के पास भेज दिया। इस मामले की सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि नियत की गयी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी।

## अयोध्या में सर्किल रेट में 200 फीसदी तक की बढ़ोतरी से जमीन की कीमतें बढ़ीं

**अयोध्या (उप्र) :** आठ साल बाद अयोध्या में सर्किल रेट में 30 से 200 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी से जमीन की कीमतें बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने यहां सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी स्थान और भूमि उपयोग के आधार पर की गई है। सोमवार को लागू हुई नई दरों का खास तौर पर राम जन्मभूमि के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले इलाकों पर असर पड़ा है, जहां दरों में 150 से 200 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। सदर (फैजाबाद) तहसील के सब-रजिस्ट्रार शांति भूषण चौबे ने बताया कि सितंबर 2024 में प्रस्ताव पेश किए जाने के बाद संशोधित दरें लागू की गई हैं। उन्होंने कहा, 'आपत्तियों के समाधान के बाद जिलाधिकारी टीकाराम फुंडे ने नई सर्किल दरों को मंजूरी दे दी है और अब इन्हें लागू कर दिया गया है।' चौबे के मुताबिक, सबसे ज्यादा सक्रिय भूमि लेनदेन वाले इलाकों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा, 'रकाबगंज, देवकाली और अवध विहार आवासीय योजनाएं अब जिले में सबसे महंगी हैं।' धार्मिक पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास के कारण राम मंदिर के आसपास के क्षेत्र के सर्किल रेट को संशोधित कर 26,600 रुपये से 27,900 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया है जो पहले की दरों (6,650 रुपये से 6,975 रुपये तक) से काफी अधिक है।

## वर्ग पहेली नं. 3118




*बायें से दायें:-* 1) सच्चा, 3) निर्मल, 5) एक मीठा पदार्थ, 6) अंशदान, 7) घड़ा, 8) छिछली गोल छोटी थाली, 10) वैदेही, 11) एक पशु, 13) बुरा लगना, 15) बुराई; हानि, 17) दिवास्वप्न, 18) छोड़ना *(बंदूक की गोली)*, 20) मेघविद्युत, 21) जो घना न हो, 22) पधारना, 23) ओढनी; कंधे पर रखी जानेवाली चादर, 25) ठिंगना, 27) लगा *(दरवाज़ा)*, 28) विवाहसंबंधविच्छेद, 30) पक्षी, 31) लहू, 32) झिरी.

*ऊपर से नीचे:-* 2) कारण, 3) प्रस्थान, 4) अनवरत; सतत, 5) जासूस, 6) दुर्गा, 8) जोश; उत्साह, 9) हत्या, 10) पढ़नालिखना, 12) एक नदी, 13) थोड़ा, 14) कंगाल, 16) बंद करना *(आँखें)*, 17) एक मिठाई, 19) ठोस पदार्थ का तरल होना, 21) बहुत कम मिलनेवाला, 22) इलज़ाम, 24) स्वदेश; जन्मभूमि, 26) गगनचुंबी भवन, 27) दास; सेवक, 29) ऊँचाई.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3075

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | 1 | 2 | | 5 | |
| 7 | | | | 9 | | | | 8 |
| | | | | | | 2 | 4 | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | 8 | | | 6 | | | 3 |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | 4 | | | | 5 |
| 5 | 7 | | | | 1 | | 9 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3074 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 |

# हाई कोर्ट ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों को आर्थिक सहायता देने संबंधी याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें राज्य सरकार की उस योजना को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नौकरी गंवाने वाले नॉन-टीचिंग स्टाफ को आर्थिक सहायता दी जा रही है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने यह फैसला उस याचिका पर सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा जिसमें राज्य सरकार द्वारा ग्रुप सी कर्मचारियों को 25,000 रुपये और ग्रुप डी कर्मचारियों को 20,000 रुपये देने के निर्णय का विरोध किया गया था। इस याचिका को 2016 की भर्ती प्रक्रिया में वेटिंग लिस्ट में शामिल कुछ अभ्यर्थियों द्वारा दायर किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता बिकाश भट्टाचार्य ने कोर्ट में यह सवाल उठाया कि राज्य सरकार को किस अधिकार से सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के फैसले को बदलने वाला कानून या योजना बनाने का अधिकार है? भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि यह योजना सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का उल्लंघन करती है जिसमें इन नियुक्तियों को रद्द



किया गया था। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 162 का हवाला देते हुए कहा कि राज्य की कार्यपालिका शक्तियां संविधान के अंतर्गत आती हैं और यह किसी न्यायिक फैसले को विफल करने के लिए योजना बनाने का अधिकार नहीं देती। उन्होंने कोर्ट से इस योजना पर रोक लगाने की अपील की। कोर्ट द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ने इस योजना को लागू कर दिया है, राज्य सरकार की ओर से पेश हुए एडवोकेट जनरल किशोर दत्त ने बताया कि योजना के तहत एक किस्त जारी कर दी गई है। इसके बाद, न्यायमूर्ति सिन्हा ने मौखिक रूप से राज्य सरकार से कहा कि फिलहाल इस योजना के तहत कोई और राशि न वितरित की जाए। वहीं, याचिका का विरोध करते हुए एडवोकेट जनरल दत्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता, जो वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थी हैं, इस योजना से किसी प्रकार की हानि में नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर याचिकाकर्ताओं को लगता है कि यह योजना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करती है, तो उन्हें सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करना चाहिए। अब इस मामले में अंतिम निर्णय कोर्ट के सुरक्षित आदेश के बाद सामने आएगा।

# 2022 टीईटी में गलत प्रश्नों को लेकर मामला अब भी अटका, परीक्षार्थियों की हाईकोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग

**कोलकाता :** 2022 की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में कथित तौर पर गलत प्रश्नों को लेकर दायर याचिका पर अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। पिछले एक साल से परीक्षार्थी न्याय की आस में कोलकाता हाईकोर्ट की ओर देख रहे हैं। उनका आरोप है कि कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर पाई कि किन प्रश्नों में गलती थी। इस मामले में पहले हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास की खंडपीठ ने परीक्षार्थियों की अपील सुनी थी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी इस मामले की सुनवाई हुई थी। सोमवार को यह मामला नियमित खंडपीठ के समक्ष प्रस्तुत



किया गया, जहां से जल्द सुनवाई का आश्वासन मिला। गौरतलब है कि 2017 के टीईटी में भी ऐसे ही गलत प्रश्नों का मामला सामने आया था। उस समय न्यायमूर्ति राजाशेखर मान्था ने कोलकाता विश्वविद्यालय और विश्वभारती विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों को प्रश्नों की जांच का आदेश दिया था। हालांकि, इस आदेश के खिलाफ प्राइमरी शिक्षा परिषद ने डिवीजन बेंच में अपील की थी, लेकिन उन्हें विशेष राहत नहीं मिली। कोर्ट ने तब आदेश दिया था कि कोलकाता विश्वविद्यालय, विश्वभारती विश्वविद्यालय और प्राथमिक शिक्षा परिषद से एक-एक विशेषज्ञ की समिति बनाकर प्रश्नों की जांच की जाए। हालांकि परिषद का कहना था कि वे स्वयं जांच में सक्षम हैं, इसके लिए अलग विशेषज्ञ समिति की जरूरत नहीं है। लेकिन कोर्ट ने उनकी दलील को नहीं माना। अब परीक्षार्थियों का आरोप है कि समिति भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पा रही है। इसलिए उनकी मांग है कि कोर्ट इस मामले की जल्द से जल्द सुनवाई कर हल निकाले, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य की राह साफ हो।

## ओल्ड मालदह में ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**मालदह :** ओल्ड मालदह प्रखंड के भबुक इलाके के रंगमाटिया क्षेत्र में रविवार की शाम गिरजाघर रेलवे लाइन के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जमादार शेख (30) के रूप में हुई है, जो पेशे से ट्रैक्टर चालक था। हादसे की जानकारी मिलते ही इलाके में कोहराम मच गया और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। परिवार के मुताबिक, पिछले कुछ समय से घर में अशांति का माहौल बना हुआ था और मृतक नशे की लत का भी शिकार था। हालांकि, परिजन यह मानने को तैयार नहीं हैं कि यह कोई आत्मघाती कदम था। उनकी मानें तो उन्हें इस दुर्घटना के पीछे की वजह समझ नहीं आ रही है। घटना की खबर मिलते ही रेलवे पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंच गई। शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए मालदह मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुर्दाघर भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। रेलवे पुलिस का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह दुर्घटना थी, आत्महत्या या किसी अन्य कारणवश हुआ हादसा। पुलिस सभी संभावनाओं की जांच कर रही है और मृतक के परिवार तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# चंपाहाटी में फुटपाथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, हाकरों पर चला प्रशासन का डंडा

**कोलकाता :** सोमवार सुबह से चंपाहाटी में बहुप्रतीक्षित फुटपाथ अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हुआ। लंबे समय से चंपाहाटी-साउथगढ़िया बटतला से लेकर चंपाहाटी रेलगेट तक सड़क के दोनों किनारे अवैध रूप से फेरीवालों ने कब्जा कर रखा था। प्रशासन की बार-बार चेतावनी के बावजूद जब स्थिति नहीं बदली, तब आज सुबह से सख्त कार्रवाई की गई। यह मार्ग स्थानीय लोगों, स्कूल-कॉलेज के छात्र, बाजार आने-जाने वालों और हजारों वाहनों की आवाजाही का मुख्य जरिया है। फुटपाथ कब्जे के कारण रोजाना यातायात जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनती थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी हो



रही थी। आज की कार्रवाई में भारी पुलिस बल की तैनाती रही और प्रशासन ने सुव्यवस्थित योजना के तहत हकारों को हटाकर फुटपाथ को सामान्य किया। चंपाहाटी ग्राम पंचायत के प्रधान असित बरन मंडल ने कहा, फुटपाथ आम लोगों के लिए है। जो लोग निजी स्वार्थ में इसका अतिक्रमण करते हैं, उनके खिलाफ प्रशासन सख्ती से निपटेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान एक दिन का नहीं, बल्कि लगातार चलेगा ताकि जनजीवन में सुगमता लौट सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और इसे आम जनता के हित में जरूरी कदम बताया।

# कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन की 37वीं वार्षिक आम सभा भव्य रूप से संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी संस्था कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) की 37वीं वार्षिक आम सभा शनिवार को स्थानीय बंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में संपन्न हुई। सभा के मुख्य अतिथि एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट (इंस्टिट्यूशनल बिजनेस) राकेश रामचंद्रन थे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में ओम प्रकाश झाझरिया (पीपी इलेक्ट्रो पावर) एवं समीर कारीया (मां वैष्णो प्रीती प्लास्ट) उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत सीडा अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों का अभिनंदन किया तथा वर्ष भर मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए अनेक कार्यकर्ताओं को प्रेसीडेंशियल एप्रिसिएशन अवार्ड से सम्मानित किया। मानद सचिव अभिषेक वर्मा ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए पहलगाम आतंकी हमले और रितुराज होटल अग्निकांड में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अपने कार्यकाल की विस्तृत रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी। कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पूरे वर्ष का वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया। मंच पर उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव अभिषेक वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, चुनाव प्रभारी सत्य प्रकाश साव तथा मंच संचालक संजय सिंघी उपस्थित रहे।

चेयरमैन अवॉर्ड कमेटी के अनिल कुमार सिंह ने विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें सीडा यंग अचीवर अवार्ड (सोशल एक्टिविटी) अरविंद बाघमारा को, सीडा यंग अचीवर अवार्ड (बिजनेस) निखिल गुप्ता को, सीडा बेस्ट कन्वेनर अवार्ड श्री हरेंद्र कुमार मिश्रा एवं श्री आदित्य विक्रम मोहनका को, सीडा बेस्ट चेयरमैन अवार्ड श्री सत्य प्रकाश साव को, सीडा सोनी देवी अवार्ड राजीव राठी को, सीडा कमला देवी बरडिया मैन ऑफ द ईयर अवार्ड सुनील कुमार सिंघी को, सीडा सम्मान जी. डी. भैया को तथा सीडा रत्न (मरणोपरांत) स्वर्गीय एल. एन. थर्ड को प्रदान किया गया, जिसे उनके सुपुत्र हरी प्रपन्न थर्ड ने ग्रहण किया। सभा के अंतिम चरण में चुनाव आयुक्त सत्य प्रकाश साव द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष पद पर अभिषेक वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार सिंघी, सचिव पद पर गगन मुंधड़ा तथा कोषाध्यक्ष पद पर तारक नाथ जायसवाल के नामों की घोषणा की गई। इस आयोजन की जानकारी पूर्व अध्यक्ष एवं मीडिया सेल चेयरमैन अरविंद तिवारी 'बाबा' द्वारा साझा की गई।

# चेनाब और अंजी खाड ब्रिज में एएम/एनएस इंडिया का स्टील आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने देश के दो प्रतिष्ठित रेलवे इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स-चेनाब ब्रिज और अंजी खाड ब्रिज-में उच्च गुणवत्ता वाले स्टील की आपूर्ति कर भारत के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अपनी भूमिका को और सशक्त किया है। दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज, चेनाब ब्रिज के लिए कंपनी ने लगभग 25,000 मीट्रिक टन संरचनात्मक स्टील की आपूर्ति की, जो कुल आवश्यकता का 70% है। वहीं, भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज अंजी खाड के लिए 100% (लगभग 7,000 मीट्रिक टन) स्टील की आपूर्ति की गई। यह स्टील हजीरा स्थित संयंत्र में उच्च तकनीक से निर्मित किया गया है और इसमें जंग-रोधी क्षमता, टिकाऊपन और ऊंचाई पर निर्माण की उपयुक्तता सुनिश्चित की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन ब्रिजों के उद्घाटन को 'विकसित भारत 2047' की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। एएम/एनएस इंडिया के निदेशक एवं वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) रंजन धर ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत पहल बताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर जैसे कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में स्टील आपूर्ति सुनिश्चित कर कंपनी ने अपनी तकनीकी दक्षता और राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है।

# मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हंगामा, ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से मारपीट, दो गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मंगलवार को एक मरीज के दो परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और नर्सों से बदसलूकी की और मारपीट की कोशिश की। इस घटना के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोहेल राणा (20) और शाहजमान शेख (31) के रूप में हुई है, जो नदिया जिले के पलाशीपाड़ा के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया गया है कि सलीम शेख नामक एक व्यक्ति को पुरुष मेडिसिन वार्ड में भर्ती किया गया था। मरीज के ये दोनों रिश्तेदार अस्पताल पहुंचे और चिकित्सा कर्मियों से गलत व्यवहार



करने लगे। घटना की खबर मिलते ही बहरमपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को मौके से ही हिरासत में ले लिया। जूनियर डॉक्टर सागर विश्वास की लिखित शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को बहरमपुर अदालत में पेश किया जाएगा। साथ ही, अस्पताल प्रशासन ने इस तरह की घटनाओं पर चिंता जताई है और डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम की मांग की है। यह घटना एक बार फिर स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यस्थल पर सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# भारत में मानसिक स्वास्थ्य के लिए पालतू जानवर बन रहे हैं सकारात्मक बदलाव का माध्यम

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लोबल पेट केयर, स्नैकिंग एंड फूड कंपनी मार्स ने एक अग्रणी मानसिक स्वास्थ्य कंपनी काम के साथ साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया है। सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में पालतू जानवर लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अध्ययन में भारत सहित 20 देशों के 30,000 से अधिक पेट ओनर्स शामिल हुए। भारत के आंकड़ों के अनुसार, 79% लोग मानते हैं कि उनके पेट उनके मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, जबकि 93% लोग बताते हैं कि उनका पालतू उन्हें वर्क ब्रेक लेने के लिए प्रेरित करता है। 92% भारतीयों ने बताया कि उनके पेट स्क्रीन टाइम कम करने में मदद करते हैं। यह अध्ययन दर्शाता है कि भारत में इंसान और पालतू जानवरों के बीच संबंध मानसिक शांति, नींद में सुधार और डिजिटल डिटॉक्स में विशेष योगदान दे रहे हैं। यह सर्वेक्षण मानसिक भलाई के लिए पालतू जानवरों के बढ़ते महत्व को प्रमाणित करता है।

# सियालदह मंडल ने प्लास्टिक उपयोग रोकने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने वैश्विक अभियान 'एंड प्लास्टिक पॉल्यूशन' के तहत पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने और रेलवे परिसरों में एकबारगी उपयोग होने वाले प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए एक बड़े पैमाने पर जागरूकता और स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर आयोजित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों और विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया गया कि वे डिस्पोजेबल प्लास्टिक की बोतलों के स्थान पर अपनी व्यक्तिगत पानी की बोतलों का उपयोग करें। रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को एकबारगी प्लास्टिक के नुकसान के बारे में जानकारी दी जा रही है और उनका



सहयोग मांग गया है ताकि इसके उपयोग को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त, ट्रेनों में सेवा देने वाले प्रदाताओं और ऑनबोर्ड विक्रेताओं को प्लास्टिक उत्पादों के स्थान पर पुनःचक्रित और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# त्रिदिवसीय आर्य प्रशिक्षण शिविर में गुरुकुल शिक्षा की पुनर्स्थापना का संकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैदिक जीवन शैली और गुरुकुल परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ते हुए आर्य समाज कलकत्ता में 6, 7 और 8 जून को एक त्रिदिवसीय ब्रह्मचर्य आश्रम आर्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की संकल्पना डॉ. अरविंद सेठ द्वारा की गई, जिसमें प्राचीन वैदिक गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को वर्तमान पीढ़ी के लिए उपयोगी बनाते हुए शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण पर बल दिया गया। वेद धर्म में 8 से 25 वर्ष की आयु के स्त्री-पुरुष के लिए विद्या अध्ययन व ब्रह्मचर्य आश्रम में जीवन निर्माण की व्यवस्था रही है। इसी ध्येय को आधार बनाकर यह शिविर आयोजित हुआ। आर्य समाज कलकत्ता में आयोजित इस शिविर का नेतृत्व स्थानीय आर्य समाज के प्रधान दीपक आर्य एवं मंत्री ध्रुवचंद जायसवाल के मार्गदर्शन में किया गया। राजीव गुप्ता, उमाशंकर जायसवाल, एडवोकेट सुधाकर



ठाकुर, डॉक्टर कविता मोदी, तथागत मुखर्जी, सुशांत अधिकारी के विशेष सहयोग से शिविर के संयोजक : डॉ अरविंद सेठ, सहसंयोजक : नवीन वर्मा, शिविर प्रभारी शिवकुमार अग्रहरी तथा शिविर प्रभारी नीलम सोनी ने शिविर के अतिश्रमसाध्य उत्तरदायित्व का सफलतापूर्वक निष्पादन किया। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए 73 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया, जिनमें से सर्वाधिक प्रशिक्षु बंगाल से थे। शिविर में गुरुकुल करतारपुर के आचार्य हंसराज जी, पतंजलि से स्वामी प्रवीण देव जी और आर्य वीर दल से आचार्य पंडा मुंडा जी जैसे विद्वान प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान वैदिक जीवनशैली, चरित्र निर्माण, योग, स्वाध्याय, आत्म-संयम, शारीरिक अनुशासन तथा राष्ट्र सेवा पर बल दिया गया। शिविर में प्रशिक्षु बच्चों का उत्साहवर्धन करने हेतु ओमप्रकाश मस्करा, जुगल किशोर गोयल, सुषमा गोयल, रमेश कुमार शोभासरिया, अशोक संचेती, चंदन राय, मदन सेठ, डॉ. महावीर अग्रवाल, कृष्ण कुमार वर्मा और बनवारीलाल झालानी जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि आर्य समाज आधुनिक भारत के नवजागरण की एक 150 वर्ष पुरानी संस्था है, जो विश्वभर में वैदिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और शिक्षा प्रसार हेतु सक्रिय है। इस शिविर के माध्यम से आर्य समाज ने युवाओं में वैदिक संस्कार और ब्रह्मचर्य आधारित जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया है।

# मेट्रो रेलवे में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को मेट्रो रेल भवन स्थित सभागार में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने की। शुभारंभ अवसर पर समिति की सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने महाप्रबंधक सहित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक रेड्डी ने रेलवे बोर्ड द्वारा राजभाषा लक्ष्यों में 5 प्रतिशत की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को समेकित प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे की राजभाषा ई-पत्रिका के 37वें अंक का विमोचन भी महाप्रबंधक द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान वित्त सलाहकार श्रीमती अंबिका जैन सहित समिति के सदस्य और उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी किरण बोस ने किया तथा समापन महाप्रबंधक के प्रेरणादायी शब्दों के साथ हुआ।

## आर.जी. कर आंदोलन से जुड़े डॉक्टरों का ट्रांसफर नहीं, मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के आंदोलन में शामिल रहे तीन डॉक्टरों को उनकी पसंद के अनुसार ट्रांसफर न दिए जाने के खिलाफ मामला अब कोलकाता हाईकोर्ट पहुंच गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि जिन सभी डॉक्टरों की काउंसलिंग हुई थी, उन्हें उनकी पसंद के अनुसार नियुक्ति दी गई, लेकिन सिर्फ इन तीन डॉक्टरों को वंचित रखा गया क्योंकि वे आर.जी. कर आंदोलन से जुड़े थे। इस मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की अदालत में याचिका दायर की गई, जिसमें जल्द सुनवाई की अपील की गई। अदालत ने सभी पक्षों को नोटिस भेजने का निर्देश दिया है और गुरुवार को मामले की अगली सुनवाई की तारीख तय की गई है।

# हिंदू संगठन ने सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं की कुर्बानी के खिलाफ विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक हिंदू संगठन के करीब 30 सदस्यों ने सोमवार को धर्म के नाम पर सड़कों पर पशुओं की कुर्बानी को बंद करने की मांग करते हुए विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कोलकाता में मवेशियों के वध के बाद एक स्थान की कथित तस्वीरों के प्रिंटआउट हाथ में लिये हिंदू सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कम प्रयास कर रही है कि सार्वजनिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर पशुओं की कुर्बानी की अनुमति न दी जाए, क्योंकि इससे बच्चों, महिलाओं और अन्य लोगों की संवेदनाएं आहत होती हैं। प्रदर्शनकारी सुदेब चौहान ने कहा कि हम कोलकाता के मेयर फिरहाद



हकीम तथा कोलकाता पुलिस और प्रशासन से अपील करते हैं कि वे भविष्य में त्योहारों के दौरान इस तरह के दृश्यों की पुनरावृत्ति को रोकें। अन्यथा, सनातनी हिंदू भविष्य में सड़क पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। अगर किसी समुदाय के अनुष्ठान के हिस्से के रूप में पशुओं की बलि दी जाती है, तो कोई समस्या नहीं है, लेकिन यह रिवाज अलग से एवं निजी तौर पर की जानी चाहिए, इस तरह से नहीं। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने बगल की सड़क को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया था। बाद में, उन्हें उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने को लेकर प्रतीक्षारत जेल वाहन में ले जाया गया और कुछ देर बाद रिहा कर दिया गया।

# श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति की एक माह व्यापी शिकंजी सेवा कैंप का समापन

**कोलकाता :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति की एक माह व्यापी शिकंजी सेवा कैंप का शुक्रवार को श्रावण मेला सेवा शिविर की तैयारियों में ज़ोर शोर से जुट जाने के संकल्प के साथ समापन हुआ। अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी ने बताया कि लोहापट्टी और सोना पट्टी के मोड़ पर गर्मी के बीच काम पर निकले लोगों के लिए लगाये गये इस सेवा शिविर में लाखों लोगों को ठंडी शिकंजी की निःशुल्क सेवा दी गई। संस्था ने एक दो दिन ठंडी आइस्क्रीम की व्यवस्था भी रखी। संस्था से जुड़े सदस्यों ने अपने अपने प्रतिष्ठान के माध्यम से अलग अलग दिन शिविर के मद में आने वाले खर्च को उठाया। कैंप संयोजक सुशील अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, सोमनाथ कुमार, सचिन बेरीवाल के साथ उपाध्यक्ष मुरारी लाल डीडवानिया, दिनेश कालानी, सचिव




गोविंद रांधड़, कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया, संयुक्त सचिव विजय दारुका व राजीव सिंघी की देखरेख में चले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन ही पांच से छः हजार लोगों को यह सेवा दी गई। बिमल टिबड़ेवाल, मुकेश जिंदल, संजय जैन, बिमल छाजेड़, विष्णु अग्रवाल, अनिल मित्तल, गोपाल झुनझुनवाला, नथमल बिहानी, शिव कुमार अग्रवाल, संजय दारुका, रमेश गोयल, तरूण गोयल, राज कुमार खेड़िया, पीयूष खेड़िया, नवनीत सादानी, प्रदीप अग्रवाल, बिनय मरेठिया, राजेश जोशी, राहुल बंसल, श्याम सुंदर टिबड़ेवाल, महेश बेरीवाल, शुभ करन सेठिया, रमेश अग्रवाल, कौशल बिहानी, सिद्धांत बिहानी, पवन झुनझुनवाला, जगदीश मित्तल, मनोहर अग्रवाल, गोपाल सरावगी, शैलेश जिंदल, प्रबीर बोराल, सिद्धार्थ अग्रवाल, महक अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, ख़ुशी अग्रवाल, जोगिंदर पांडे आदि आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रहें। अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविंद रांधड़ के अनुसार आने वाले दिनों में अब चूँकि मौसम सामान्य होते चले जाने का अनुमान है इसलिए इस कैंप को अब यही विश्राम देकर समिति के सभी सदस्य सिंगुर जामीर बेड़ियां स्थित समिति के विश्राम गृह में आयोजित श्रावण माह सेवा शिविर की तैयारियों में लग जायेंगें।

# बारासात में विवाहिता का सड़ा गला शव मिलने से सनसनी, पति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बारासात इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक महिला का सड़ा-गला शव उसके किराए के मकान से बरामद हुआ है। शव कम्बल में लिपटा हुआ पाया गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में मृतका के पति पर हत्या का संदेह जताया जा रहा है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना रविवार की रात की है। बताया गया है कि बारासात के अश्विनीपल्ली मानिकनगर इलाके में रहने वाले



मकान मालिक रंजीत बड़ाल के घर से दुर्गंध आने पर अन्य किरायेदारों ने उन्हें सूचना दी। जब मकान मालिक मौके पर पहुंचे तो दरवाजा बंद मिला, जिसके बाद उन्होंने स्थानीय थाने में इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब दरवाजा खोला तो अंदर एक महिला का सड़ा-गला शव मिला, जो कम्बल में लिपटा हुआ था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान लक्ष्मी महतो के रूप में हुई है। वह अपने पति बीजू साहा के साथ करीब एक माह पूर्व उक्त मकान में किराए पर रहने आई थीं। पड़ोसियों के अनुसार, बीजू साहा शराब पीने का आदी था और अक्सर नशे में पत्नी से झगड़ा करता था। लगातार झगड़े की शिकायत के बाद मकान मालिक ने दंपति को मकान खाली करने का निर्देश भी दिया था। घटना के बाद से बीजू साहा फरार था, लेकिन सोमवार के तड़के पुलिस ने उसे बारासात के चांपाडाली इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आर-ोपी पेशे से बस चालक है। पुलिस ने बताया कि मकान किराए पर लेते समय बीजू ने पहचान पत्र भी जमा नहीं कराया था और बाद में देने की बात कहकर टालता रहा। प्राथमिक जांच में पुलिस का मानना है कि घरेलू विवाद ही हत्या की वजह हो सकती है। हालांकि, शव का पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों की पुष्टि हो पाएगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

### तृणमूल जिला संगठन में फिर फेरबदल, फुरफुरा के पीरजादा व पूर्व कांग्रेस नेता को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल जिला संगठन में एक बार फिर फेरबदल हुआ है। बारासात सांगठनिक जिले के अध्यक्ष व अध्यक्ष के नामों की घोषणा की गई है। इसके साथ ही राज्य मदर समिति के नए उपाध्यक्ष व महासचिव के नामों की भी घोषणा की गई है। पूर्व कांग्रेस नेता शंकर मालाकार को भी दल बदलकर तृणमूल में बड़ा पद मिला है। बता दें कि 16 मई को तृणमूल में सांगठनिक फेरबदल हुआ था। उस समय जिला अध्यक्ष व जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई थी। उस सूची से बारासात व दार्जिलिंग मैदानी सांगठनिक जिलों के अध्यक्षों के नाम बाहर थे। तृणमूल की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार सब्यसाची दत्ता बारासात सांगठनिक जिले के चेयरपर्सन बने हैं। सांसद डॉ. काकली घोष दस्तीदार जिला अध्यक्ष बनी हुई हैं। दूसरी ओर, शंकर मालाकार को राज्य संगठन में नए उपाध्यक्ष का पद मिला है। राज्य महासचिव फुरफुरा के पीरजादा कासिम सिद्दीकी बने हैं।

## कोलकाता जिला सीपीएम में अभूतपूर्व टकराव! रूपा बागची को संपादकमंडल से बाहर करने पर मोहम्मद सलीम नाराज

**कोलकाता :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) की कोलकाता जिला कमेटी में रविवार को अभूतपूर्व विवाद खड़ा हो गया। पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता और पूर्व पार्षद रूपा बागची को संपादकमंडल से हटा दिया गया, जिससे पार्टी के अंदर जबरदस्त असंतोष और तीखी बहस देखने को मिली।

पार्टी की ओर से दावा किया गया कि रूपा बागची को स्वास्थ्य संबंधी कारणों से हटाया गया है, लेकिन सीपीएम के एक बड़े धड़े का मानना है कि उन्हें जानबूझकर हटाया गया क्योंकि वे हाल के दिनों में पार्टी की कार्यप्रणाली को लेकर मुखर थीं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने हाल ही में कोलकाता जिले के एक युवा नेता पर लगे महिला उत्पीड़न के आरोपों के खिलाफ आवाज़ उठाई थी, जो पार्टी नेतृत्व को नागवार गुज़रा।

सबसे बड़ी नाराज़गी पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने जताई। उन्हें इस फैसले की पूर्व जानकारी नहीं दी गई थी। जब रविवार को कोलकाता जिला कमेटी की बैठक हुई, जिसमें मोहम्मद सलीम भी मौजूद थे, तभी रूपा बागची को संपादकमंडल से हटाए जाने के फैसले पर बैठक के दौरान ही तीखी बहस छिड़ गई। मामला इतना गरमा गया कि पूरी बैठक का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

रूपा बागची अभी भी सीपीएम की राज्य कमेटी की सदस्य हैं। ऐसे में उनके समर्थकों ने सवाल उठाया है कि अगर वे स्वास्थ्य कारणों से संपादकमंडल में काम नहीं कर सकतीं, तो उन्हें राज्य कमेटी में क्यों शामिल किया गया? उनका कहना है कि यह बहाना केवल उन्हें किनारे करने के लिए गढ़ा गया है।

रूपा की जगह अब बहेनगर पूर्व क्षेत्र की नेता शमिता चौधरी को संपादकमंडल में शामिल किया गया है। लेकिन इस बदलाव को लेकर पार्टी के अंदर कई वरिष्ठ नेताओं में नाराज़गी है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह घटना सीपीएम के अंदर लोकतांत्रिक विमर्श और असहमति को लेकर एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। पार्टी के भीतर विरोध की आवाज़ उठाने वालों को जिस तरह से किनारे किया जा रहा है, वह एक बड़ी चिंता का विषय बन गया है।

## आरामबाग में फुचका खाने से कई महिलाएं और बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

**हुगली :** पश्चिम बंगाल के आरामबाग ब्लॉक के मलयपुर दो नंबर ग्राम पंचायत अंतर्गत पूर्व केशवपुर इलाके में फुचका (गोलगप्पा) खाने के बाद कई महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए। जानकारी के अनुसार, रविवार को कुछ फुचका विक्रेता उस इलाके में फुचका बेचने आए थे। वहां की कई महिलाएं और बच्चों ने उनसे फुचका खरीदा और खाया। इसके कुछ देर बाद ही सभी में उल्टी की शिकायत शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें तुरंत आरामबाग प्रफुल्ल चंद्र सेन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, सात गंभीर रूप से बीमार लोगों को पूर्व केशवपुर मस्जिद तला इलाके में बनाए गए एक



अस्थायी मेडिकल कैंप में शिफ्ट किया गया। स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से घटना की जांच शुरू कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि फुचका में इस्तेमाल किए गए पानी या सामग्री दूषित हो सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि सभी मरीजों की हालत अब स्थिर है।

### मिनाखां में दिव्यांग युवती से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के मिनाखां थाना अंतर्गत कुमारजोल इलाके में रविवार को दिव्यांग युवती से दुष्कर्म करने के आरोप एक पड़ोसी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम रहमान मोल्ला है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में पीड़िता घर में अकेली थी। उसी समय पड़ोसी रहमान मोल्ला नामक व्यक्ति घर में घुस आया और उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दिव्यांग युवती की चीख-पुकार सुनकर घर के आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और वृद्ध को रंगेहाथ पकड़ लिया। फिर, मिनाखां थाने को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने वृद्ध को गिरफ्तार कर लिया।

## क्या आप खुद को अदालत से ऊपर समझते हैं? दारिभीत मामले में एनआईए को हाईकोर्ट की कड़ी फटकार

**कोलकाता :** दारिभीत गोलीकांड की जांच में ढिलाई बरतने को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, क्या आप खुद को अदालत से ऊपर करते हैं? साथ ही एनआईए को 9 जुलाई तक जांच में ठोस प्रगति दिखाने का निर्देश दिया गया है।

2018 में उत्तर बंगाल के दारिभीत में पुलिस फायरिंग में दो युवकों - राजेश सरकार और तपस बर्मन - की मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता विचार करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने एनआईए जांच का आदेश दिया




था, जिसे बाद में डिवीजन बेंच ने भी बरकरार रखा।

हालांकि, 14 महीने बीतने के बावजूद जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं होने पर अदालत ने नाराज़गी जताई। कोर्ट में यह भी बताया गया कि एनआईए ने अब तक किसी आरोपी पुलिस अधिकारी से पूछताछ तक करने की कोशिश नहीं की है, जबकि पीड़ित परिवारों ने लगातार निष्पक्ष जांच की मांग की है।

एनआईए के वकील ने दलील दी कि राज्य पुलिस ने ही शुरू से त्रुटिपूर्ण जांच की थी - गोली से मौत हुई फिर भी गोलियों को सुरक्षित नहीं रखा गया। फिर भी अदालत ने एनआईए की निष्क्रियता पर असंतोष जताते हुए कहा कि अगर 9 जुलाई तक ठोस रिपोर्ट नहीं दी गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित परिवारों ने 20-20 लाख रुपये का मुआवजा मांगा था, लेकिन राज्य सरकार सिर्फ 2 लाख रुपये देने को तैयार है, जिसे परिवारों ने ठुकरा दिया। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने भी उचित मुआवजे का निर्देश दिया था।

दारिभीत मामले में हाईकोर्ट की यह सख्ती, एनआईए की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही है - और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने की उम्मीद फिर से जगा रही है।

## बर्दवान में फैक्ट्री की भट्ठी में विस्फोट से एक की मौत, 11 मजदूर घायल

**बर्दवान :** बर्दवान के पालितपुर में लोहे की छड़ बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को भट्ठी फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, हादसे में 11 और मजदूर घायल हो गए। घायलों को बर्दवान मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया गया है। यह हादसा कैसे हुआ? पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि फैक्ट्री में हर दिन शिफ्ट में काम होता है। अन्य दिनों की तरह सोमवार को भी काम चल रहा था। इस दिन, शाम करीब 4.30 बजे फैक्ट्री में अचानक भयानक विस्फोट हुआ। एक भट्ठी फटकर गिर गई। उस वक्त वहां मजदूर काम कर रहे थे। उसी समय एक लॉरी से लोहे की छड़ बनाने के लिए कच्चा माल उतारा जा रहा था। वाहन का चालक पास में ही मौजूद था। भट्ठी का एक हिस्सा उसके ऊपर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, घटना में कई अन्य मजदूरों के घायल होने की भी खबर है। घटना के बाद तेजी से बचाव कार्य शुरू हुआ। घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी फैक्ट्री परिसर में पहुंच गए। यह घटना कैसे हुई? फैक्ट्री प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से कितना ध्यान रखा? भट्ठी और अन्य उपकरणों का कितना रखरखाव किया गया? ये सवाल उठने शुरू हो गए हैं। बताया जा रहा है कि उस फैक्ट्री में चार सौ से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस फैक्ट्री प्रशासन से बात कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विधानसभा में चर्चा का केंद्र राज्य की सुरक्षा होगी : नौशाद सिद्दीकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) के नेता व भांगड़ से विधायक नौशाद सिद्दीकी ने सोमवार को भाजपा और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने विधानसभा में चर्चा के मुद्दों और राज्य की सुरक्षा स्थिति पर भी अपनी बात रखी। नौशाद सिद्दीकी ने कहा कि विधानसभा में चर्चा के लिए जो विषय तय किए जाएंगे, उन पर विपक्ष अपनी राय रखेगा। जीरो आवर और कॉलिंग अटेंशन जैसे मौकों पर भी आईएसएफ अपने मुद्दे उठाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने जो बहादुरी दिखाई, उस पर चर्चा होगी। इसके लिए दो घंटे का समय रखा गया है, जिसमें एक घंटा विपक्ष के लिए और एक घंटा सत्तारूढ़ पार्टी के लिए होगा। हम भी



इसमें शामिल होंगे और अपनी बात रखेंगे। हालांकि, सिद्दीकी ने स्पष्ट किया कि उनकी चर्चा का फोकस 'ऑपरेशन सिंदूर' या भारतीय सेना पर नहीं, बल्कि देश और खासकर राज्य की सुरक्षा पर होगा। लोग देश की सुरक्षा की बात तो करते हैं, लेकिन बंगाल की सुरक्षा का क्या? एक थाने का इंचार्ज और उसका परिवार भी सुरक्षित नहीं है। फिर, हम कश्मीर बॉर्डर की सुरक्षा की बात कैसे करें?

नौशाद सिद्दीकी ने भाजपा नेता सुकांत मजूमदार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें कुछ अहम सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने पूछा कि बीफ एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियों का मालिक कौन है? ये लोग भाजपा को कितना फंड देते हैं? इसकी जानकारी सुकांत को सार्वजनिक करनी चाहिए। सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा को इन सवालों का जवाब देकर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य की जनता और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आईएसएफ विधानसभा में इन सवालों को उठाकर सरकार से जवाबदेही की मांग करेगी।

### शादी से 10 दिन पहले होने वाली पत्नी की हत्या करने के बाद युवक ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले में चोपड़ा थानांतर्गत लक्ष्मीपुर इलाके में एक युवक ने अपनी होने वाली पत्नी की 'हत्या' करने के बाद थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शव को चाय बागान से बरामद कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने बताया कि मृत युवती का नाम नरगिस परवीन (20) है। नरगिस के परिवार के मुताबिक, सुल्तान अहमद की शादी डेढ़ महीने पहले लक्ष्मीपुर इलाके की रहने वाली नरगिस परवीन से तय हुई थी। 19 जून को उनकी शादी होनी थी। लड़के वालों ने लड़की के परिवार से दहेज के तौर पर सात लाख मांगे गए थे जिसे स्वीकार कर लिया गया था। इतना ही नहीं, लड़की के परिवार ने कहा था कि शनिवार को सुल्तान के परिवार को तीन लाख एडवांस में दिए गए थे। लड़की को शनिवार रात आधार और वोटर आईडी के साथ घर से निकलने के लिए कहा गया था। वादे के मुताबिक लड़की घर से निकली लेकिन फिर वापस नहीं लौटी। रविवार को नरगिस के नहीं मिलने पर उसके परिवार ने चोपड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। सुल्तान आधी रात को पुलिस थाने गया और उसने बताया कि उसने अपनी होने वाली पत्नी की 'हत्या' कर दी है और शव को सीमा के पास चुटियाखोर ग्राम पंचायत के इलाके में एक चाय बागान में दफनाया दिया है। पुलिस आनन-फानन में वहां पहुंची। चाय बागान से शव बरामद किया गया। शव बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपित पूछताछ कर रही है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस घटना में सुल्तान के पिता, भाई और अन्य लोग शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृत युवती के परिजनों ने लक्ष्मीपुर इलाके में सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस ने जाकर स्थिति को काबू में किया।

## हावड़ा ब्रिज पर घूस लेते पकड़े गए ट्रैफिक पुलिसकर्मी, वीडियो वायरल होने पर दोनों निलंबित

**कोलकाता :** रात के अंधेरे में एक बार फिर सामने आया पुलिस की ओर से घूस वसूली का मामला। आरोप है कि हावड़ा ब्रिज पर दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने एक चलती गाड़ी को रोककर चालक से जबरन पैसे वसूले। रविवार देर रात की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया।

वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी हावड़ा ब्रिज पर एक प्राइवेट कार को रोकते हैं और बातचीत के दौरान चालक से पैसे लेते हैं। इस पूरी घटना को गाड़ी में मौजूद चालक ने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया था, जो बाद में इंटरनेट पर तेजी से फैल गया।

वीडियो सामने आने के बाद लालबाजार मुख्यालय ने तुरंत जांच



के आदेश दिए। जांच में दोनों आर-ोपी पुलिसकर्मियों की पहचान कर ली गई, जो उत्तर बंदर ट्रैफिक गार्ड में तैनात थे। नॉर्थ पोर्ट थाने के डीसी ने सोमवार सुबह दोनों को सस्पेंड किए जाने की जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और साफ किया गया है कि ऐसे किसी भी गैरकानूनी और अनुशासनहीन व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कुलतली में सड़क हादसे में दो साल के बच्चे की मौत


**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में कुलतली थाना अंतर्गत काठखली इलाके में रविवार की रात हुए एक सड़क हादसे में एक दो साल के बच्चे की जान चली गई। उसका नाम प्रदीप मंडल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की रात बच्चा अपनी मां के साथ सड़क पर निकला था। उसी समय जामतला बाजार की ओर से तेज गति से आ रही ईंट से लदी एक इंजन वैन ने अचानक नियंत्रण खो दिया और उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर लगने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने उसे कुलतली जयनगर ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से पूरे इलाके में मातम छा गया। गुस्साए स्थानीय लोगों ने आरोपित इंजन वैन चालक को कड़ी सजा देने की मांग की। कुलतली थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस को 'पोर्न साम्राज्य' के आरोपी मां-बेटे के थाइलैंड भागने का संदेह

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले में खड़दह निवासी एक महिला को बंधक बनाने की घटना में एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए जांचकर्ताओं ने सोमवार को कहा कि आरोपी मां-बेटा शायद विदेश भाग गए हैं। प्रारंभिक निष्कर्षों के आधार पर ऐसा लगता है कि दोनों संभवतः थाईलैंड चले गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि महिला ने अपने बैंक खाते से कई बार नकदी निकाली थी जिसके बारे में अधिकारियों का मानना है कि इस धन का इस्तेमाल उनकी भागने की योजना के लिए किया गया होगा। अधिकारी ने कहा कि आरोपी महिला कई बार बैंक गई और पैसे निकाले। ऐसा लगता है कि पैसे का इस्तेमाल भागने की योजना में किया गया। हमें संदेह है कि महिला और उसका बेटा बैंकॉक भाग गए हैं। उल्लेखनीय है कि डोमजूर में 23 वर्षीय एक महिला को अपने घर पर जबरन हिरासत में रखने और उसके साथ मारपीट करने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी में मां-बेटे का नाम शामिल है। महिला ने दरअसल अश्लील फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। सोदपुर की रहने वाली पीड़िता अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि आर-ोपी महिला अपने बेटे के साथ मिलकर एक फिल्म प्रोडक्शन हाउस भी चला रही थी, जहां 'सॉफ्ट पोर्नोग्राफिक रील' शूट की जाती थीं। जांचकर्ता इन आरोपों की भी जांच कर रहे हैं कि दोनों उसी परिसर से सेक्स रैकेट चला रहे थे।

## न्यू टाउन में बीएसएफ जवान ने की आत्महत्या, व्हाट्सएप पर भेजा आखिरी संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन इलाके में एक बीएसएफ जवान द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। मृतक की पहचान सुर्यकांत दास (38) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से ओडिशा के निवासी थे। जवान का शव सोमवार की सुबह शुलुंगुड़ी स्थित किराए के आवास में फंदे से लटका हुआ पाया गया। आत्महत्या से ठीक पहले सुर्यकांत ने अपने परिजनों को व्हाट्सएप पर एक सुसाइड नोट भेजा था, जिसमें उन्होंने मानसिक तनाव को इस आत्महत्या की वजह बताया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुर्यकांत दास की तैनाती करीब एक माह पूर्व हुई थी और वे न्यू टाउन क्षेत्र के शुलुंगुड़ी इलाके में एक किराए के मकान में रह रहे थे। इस दिन, सुबह में जब उन्होंने



परिजनों को व्हाट्सएप संदेश भेजा, तो परिजन घबराकर मौके पर पहुंचे। दरवाजा बंद पाकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इको पार्क थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और जवान को फांसी पर लटका पाया। घटनास्थल से कोई बाहरी चोट या जबरन प्रवेश के संकेत नहीं मिले। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई है। सुर्यकांत द्वारा भेजे गए सुसाइड नोट में स्पष्ट तौर पर मानसिक तनाव का उल्लेख किया गया है, हालांकि उसमें तनाव के करणों का विवरण नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि की जा सके। बीएसएफ और कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया, बीएसएफ की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि यह एक अत्यंत दुखद घटना है। विभाग परिवार के साथ संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इको पार्क थाने की टीम ने आत्महत्या के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है। मोबाइल फोन के साथ सुसाइड नोट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या किसी प्रकार का पारिवारिक, आर्थिक या पेशेवर दबाव सुर्यकांत पर था।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश नाकाम, बांग्लादेशी मुद्रा और मादक पदार्थ जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया और 21 लाख रुपये मूल्य की बांग्लादेशी मुद्रा और मादक पदार्थ जब्त किए। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अधिकारी ने बताया कि सीमा पार से तस्करी की संभावित गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना मिलने के बाद रविवार के तड़के यह जब्ती की गई। बीएसएफ ने एक




बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर जवान बाड़ के निकट संवेदनशील स्थानों पर छिपकर बैठे थे। सुबह करीब तीन बजे केले के बाग में संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। कई लोग छिपे हुए दिखाई दिए और जब बीएसएफ कर्मियों ने उन्हें घेरने की कोशिश की, तो संदिग्ध अंधेरे और घनी झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग गए। बयान में कहा गया कि यद्यपि तस्कर भागने में सफल रहे, लेकिन इलाके की गहन तलाशी में प्रतिबंधित सामान और विदेशी मुद्रा बरामद हुई। बयान में कहा गया है कि जब्त सामान को आगे की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

## जी5 ने नई ब्रांड पहचान के साथ भाषा-प्रधान कंटेंट प्लेटफॉर्म बनने का किया प्रयास

**कोलकाता, समाज्ञा :** जी5 ने अपनी नई ब्रांड पहचान का अनावरण करते हुए एक अत्यंत व्यक्तिगत और भाषा-प्रधान कंटेंट प्लेटफॉर्म बनने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस नए लुक के तहत एक जीवंत और आधुनिक लोगो पेश किया गया है, जो भारत की बहुभाषी संस्कृति और भावना को दर्शाता है। अनेक भाषाएं, अनंत कहानियां अभियान के तहत जी5 सात भाषाओं में विशेष कंटेंट योजनाएं लॉन्च करेगा, जिनकी कीमत 120 रुपए प्रति माह से शुरू होगी। इस प्लेटफॉर्म पर यूएचडी कंटेंट और डॉल्बी एटमॉस जैसी आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा। वित्त वर्ष 2026 में 130 से अधिक नए कंटेंट शीर्षक रिलीज किए जाएंगे, जिनमें ओरिजिनल्स, फिल्में, नॉन-फिक्शन और लाइव कार्यक्रम शामिल हैं। जी5 की यह नई रणनीति भारतीय दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और सांस्कृतिक प्रामाणिकता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। कंपनी की यह पहल डिजिटल मनोरंजन में भाषा आधारित वैयक्तिकरण की नई मिसाल साबित होगी।

## आसनसोल में नाबालिग से उत्पीड़न मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आसनसोल :** नाबालिग का अपहरण कर यौन शोषण करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम इमरान शेख है। सोमवार की सुबह उसे कोर्ट में पेश किया गया। जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ के बाद पूरी घटना के पीछे का कारण स्पष्ट हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत 29 मई को आसनसोल रामकृष्ण मिशन के नौवीं कक्षा के छात्र सुदीप माजी का लटकता हुआ शव बरामद किया गया था। शुरुआत में, परिवार इस घटना के कारण को लेकर असमंजस में था। बाद में, परिवार ने मृत छात्र के दोस्तों से बात की। फिर, मृतक के



मोबाइल फोन की जांच की गई। तभी, मुख्य घटना का पता चला। मृतक की मां चंद्रबली देवी ने बताया कि बीते जनवरी माह में आसनसोल के कसाईमहल्ला निवासी इमरान शेख नामक युवक ने सुदीप को जबरन कार में अगवा कर लिया था। इसके बाद, कार में उसके साथ कथित तौर पर यौन शोषण किया गया। इमरान ने उस तस्वीर को अपने मोबाइल फोन में सेव कर लिया था। कथित तौर पर, उसके बाद से वह उस तस्वीर को दिखाकर छात्र को बार-बार ब्लैकमेल करता रहा और पैसे ऐंठने लगा। इंस्टाग्राम चैट और फोन कॉल रिकॉर्ड से इसके सबूत मिले हैं। पता चला है कि एक समय सुदीप ने कहा था कि उसके पास और पैसे नहीं हैं। इसके बाद, दबाव और बढ़ गया। मृतक के परिवार का दावा है कि उसी दबाव के कारण सुदीप ने आत्महत्या की है। आसनसोल उत्तर थाना पुलिस ने विशेष आरोपों के आधार पर जांच शुरू की। आखिरकार, रविवार की रात फरार आरोपी को पकड़ लिया गया।

## बहरामपुर में फिर भारी मात्रा में हथियार बरामद, एक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरामपुर में फिर भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए है। साथ ही, घटना में मसूद शेख नामक एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। बहरामपुर पुलिस ने बताया कि हथियार और कारतूस बांग्लादेश सीमा से सटे फरक्का से लाए जा रहे थे। इसमें 7 एमएम की तीन पिस्तौल, 10 राउंड गोलियां और 6 मैगजीन मिलीं। शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया है कि ये हथियार बिहार से लाए जा रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हथियार ले जाए जाने की खबर बहरामपुर थाने तक पहले ही पहुंच गई थी। फिर, अभियान शुरू किया गया। रविवार की देर रात मसूद शेख



शिल्पुकुर इलाके से टोटो से गुजर रहा था। पुलिस ने गाड़ी रोककर उससे पूछताछ की। इन्हें रानीनगर इलाके में बेचा जाना था। डीएसपी-डीएंडटी सुशांत राजबंगशी ने सोमवार को बताया कि आरोपी के बारे में पता चला है कि वह एक कैरियर है। इस बात की जांच की जा रही है कि इस घटना में कोई और शामिल है या नहीं।

### नई दिल्ली और हावड़ा के बीच साप्ताह में दो बार चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए नई दिल्ली और हावड़ा के बीच साप्ताह में दो बार समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी। जिसके माध्यम से करीब 23,800 बर्थ्स उपलब्ध होंगी। इसके तहत, 04092 न्यू दिल्ली - हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन हर बुधवार और शनिवार को शाम 7:30 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी, जो 11 जून 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कुल 12 यात्राएं संचालित करेगी। यह ट्रेन अगले दिन रात 9:40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, 04091 हावड़ा - न्यू दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन हर गुरुवार और रविवार को रात 11:50 बजे हावड़ा से प्रस्थान करेगी, जो 12 जून 2025 से 20 जुलाई 2025 तक 12 यात्राएं चलाएगी और तीसरे दिन सुबह 1:00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। यह ट्रेन वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, जामतारा, मधुपुर, जसिडीह समेत कुल 22 स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। इसमें जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और वातानुकूलित कोच उपलब्ध होंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सिक्किम भूस्खलन सेना के जवान का शव बरामद, पांच अन्य की तलाश जारी

**गंगटोक :** उत्तरी सिक्किम के छातेन में इस माह की शुरुआत में एक सैन्य शिविर में भूस्खलन के बाद लापता हुए छह जवानों में से एक का शव सोमवार को मंगन जिले में बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सैनुद्दीन पी.के. के रूप में हुई है। मंगन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि अन्य लापता लोगों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, ''बचाव दलों ने सेना के जवान सैनुद्दीन पीके का शव बरामद कर लिया है जो एक जून को छातेन में एक सैन्य शिविर में भूस्खलन के बाद लापता हुए छह जवानों में से एक था।''

### त्रिपुरा में बांग्लादेशी नागरिक, दो भारतीय बिचौलिये गिरफ्तार

**अगरतला :** अगरतला रेलवे स्टेशन से एक बांग्लादेशी नागरिक और दो भारतीय बिचौलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। विशेष जानकारी के आधार पर, एक संयुक्त दल ने रविवार रात अगरतला स्टेशन पर एक एक्सप्रेस ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया और तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, बांग्लादेशी नागरिक की पहचान खुलना जिले के झिल मिल (63) के रूप में हुई है। उसे बिना वैध दस्तावेजों के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अगरतला जीआरपी थाने के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने बताया कि पश्चिमी त्रिपुरा जिले के दो लोगों सागर मंडल और सुब्रत दास को, झिल मिल को अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने में कथित रूप से मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दास ने कहा कि तीनों इलाज के लिए नई दिल्ली जाना चाहते थे। उन्होंने कहा, ''जीआरपी अधिकारी गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। संदेह है कि बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कराने वाले रैकेट में और लोग शामिल हैं।'' इससे पहले 3 जून को पश्चिमी त्रिपुरा के हपनिया इलाके में एक किराए के मकान से 13 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया था।

# मुंबई के निकट लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत, रेलवे की स्वचालित दरवाजे लगाने की योजना



**मुंबई/नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि घटना में शामिल लोग दो ट्रेन के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि घटना भीड़भाड़ वाली दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई क्योंकि ट्रेन विपरीत दिशाओं से गुजर रही थीं। पुलिस ने बताया कि कसारा जाने वाली एक ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेल मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि मुंबई में सभी नयी उपनगरीय ट्रेन में स्वचालित दरवाजे की सुविधा होगी तथा मौजूदा ट्रेन में भी यह व्यवस्था की जाएगी। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।

### नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट के रूप में उपाधि प्राप्त की

**अरक्कोणम (तमिलनाडु) :** स्थानीय आईएनएस राजाली स्थित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल से एक महिला समेत भारतीय नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। एक रक्षा विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन अधिकारियों ने भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन-561 में प्रशिक्षण स्कूल में अपने 22 सप्ताह लंबे गहन उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के सफल समापन पर एक प्रभावशाली 'पासिंग आउट परेड' में हिस्सा लिया। इसमें कहा गया है, ''महिलाओं के लिए लैंगिक समावेशी वातावरण को मजबूत करने और समान कॅरियर के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, सब-लेफ्टिनेंट सिद्धि हेमंत दुबे ने आज प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय नौसेना की दूसरी महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रच दिया।''

## उत्तर पश्चिम दिल्ली से 66 अवैध बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने वजीरपुर और नयी सब्जी मंडी इलाकों में एक अभियान के दौरान 66 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 20 पुरुष, 16 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। हिरासत में लिए गए ये लोग 11 परिवारों से हैं और राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे थे। यह अभियान एक गुप्त सूचना मिलने के बाद छह जून को चलाया गया। पुलिस के अनुसार, ये विदेशी नागरिक हाल ही में हरियाणा के नूंह (पूर्व में मेवात) से यहां आए थे, जहां वे ईंट भट्ठों में काम करते थे। अवैध प्रवास पर बढ़ती निगरानी और मीडिया जांच के कारण यह लोग नूंह से यहां आए। पकड़े जाने से बचने के लिए ये लोग दो समूहों में बंट गए और वजीरपुर जेजे कॉलोनी और नयी सब्जी मंडी इलाके में बस गए। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा, ''कुल 35 लोगों को वजीरपुर से और 31 को नयी सब्जी मंडी से पकड़ा गया।'' उन्होंने बताया कि परिवारों ने निगरानी से बचने के लिए जानबूझकर अपने मोबाइल फोन और पहचान संबंधी दस्तावेज छिपा रखे थे।

## असम विधानसभा ने डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम भूपेन हजारिका के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित किया


**गुवाहाटी :** असम विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से प्रख्यात संगीतकार भूपेन हजारिका के सम्मान में डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान विधानसभा हजारिका के भावपूर्ण गीतों से गूंज उठी और विभिन्न दलों के विधायकों ने उनके प्रसिद्ध गीत गाए तथा उनकी कालजयी रचनाएं सुनाईं। मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और मंत्रियों तथा विधायकों ने हजारिका की स्थायी विरासत, विशेष रूप से उनके रचनात्मक कार्यों के माध्यम से प्रेम और मानवता के संदेश को याद किया। राज्य के परिवहन मंत्री जोगेन मोहन ने एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान प्रस्ताव पेश किया, जिसमें सिफारिश की गई कि केंद्र सरकार डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलकर 'भारत रत्न भूपेन हजारिका हवाई अड्डा, डिब्रूगढ़' रखे। कई सदस्यों ने अपने भाषणों में हजारिका के गीत गाए। विपक्ष के नेता देवव्रत सैकिया ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि हजारिका चाहते थे कि असम पूरे देश के लिए एकता का संदेशवाहक बने और इसे वास्तविकता में बदलने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने हजारिका से जुड़ी चीजों को संरक्षित करने के लिए कई प्रस्ताव रखे, जिनमें उनके गीतों और फिल्मों तक मुफ्त पहुंच के लिए एक वेबसाइट बनाना तथा युवाओं को उनकी रचनाओं का अध्ययन करने के लिए छात्रवृत्ति देना शामिल है। चर्चा में भाग लेते हुए शर्मा ने हजारिका की पहचान को किसी भी अन्य चीज से ऊपर 'मानवतावादी' के रूप में बताया।

## निर्वाचन आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा कब तक सौंपेगा : राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा साझा करने संबंधी निर्वाचन आयोग के कथित फैसले की सोमवार को सराहना करते हुए इसे 'पहला अच्छा कदम' करार दिया। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वह उस तारीख का ऐलान करे, जब डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में डेटा सौंपा जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया की एक खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए मतदाता सूची का डेटा साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने इससे पहले इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय को इस संबंध में आश्वासन दिया था। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को सौंपने के लिए उठाया गया अच्छा पहला कदम। क्या निर्वाचन आयोग उस तय तिथि की घोषणा करने की कृपा कर सकता है, जब यह डेटा डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में सौंपा जाएगा?''

## केरल तट के पास सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर जहाज में लगी आग

### 18 को बचाया गया, 4 लापता



**कोच्चि :** केरल तट के पास एक कंटेनर में विस्फोट होने के बाद सिंगापुर के ध्वज वाले जहाज में भीषण आग लग गई। हालांकि, चालक दल के 18 सदस्यों को बचा लिया गया, जबकि चार अब भी लापता हैं। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह घटना भारतीय समयानुसार सुबह 9.20 बजे, केरल के कन्नूर जिले के अझिक्कल से लगभग 44 समुद्री मील दूर और कोच्चि से 130 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में हुई। रक्षा सूत्रों ने बताया कि सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों में से 18 को भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की मदद से बचा लिया गया है। उन्हें नौसेना के पोत आईएनएस सूरत के जरिये मंगलुरु बंदरगाह लाया जा रहा है, ताकि आगे की आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा सकें। सिंगापुर के ध्वज वाला जहाज कोलंबो से न्हावा शेवा, मुंबई जा रहा था। तट रक्षक बल की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, आग ने तेजी से जहाज के मध्य भाग को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि 10-15 कंटेनर पानी में गिर गए। चालक दल के सदस्यों में आठ चीनी, छह ताइवानी, म्यांमा के पांच नागरिक और तीन इंडोनेशियाई नागरिक शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''विस्फोट और आग के फैलने के बाद, चालक दल ने जहाज को छोड़ दिया था। चालक दल के 18 सदस्यों को बचा लिया गया है, जबकि चार लापता हैं। खोज और बचाव अभियान अभी जारी है।

## कतर्नियाघाट जंगल में बनी चार मजारों को वन विभाग ने बुलडोजर से गिराया



**बहराइच (उप्र) :** बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के कोर क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध लक्कड़ शाह बाबा की मजार सहित चार मजारों को वन विभाग ने 'अतिक्रमण' घोषित करते हुए बुलडोजर (जेसीबी) का इस्तेमाल करके गिरा दिया है। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) बी. शिवशंकर ने पत्रकारों को बताया, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की मुर्तिहा रेंज अंतर्गत बीट संख्या 20 में स्थित लक्कड़शाह, भंवरशाह, चमन शाह व शहनशाह की मजारें मौजूद थीं। ये सभी मजारें जंगल क्षेत्र में हैं।'' उन्होंने बताया कि यद्यपि मजार कमेटी ने इन मजारों के संबंध में 1986 के वक्फ बोर्ड पंजीकरण की एक प्रति उपलब्ध कराई थी, लेकिन वे स्वामित्व या भूमि अधिकार का कोई कानूनी सबूत देने में विफल रहे। इस संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया, जिसमें जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे। शिवशंकर ने बताया, वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत वन क्षेत्र में किसी जमीन का गैर वानिकी उद्देश्य के लिये इस्तेमाल करने से पूर्व भारत सरकार से अनुमति लेना अनिवार्य है। ऐसी कोई अनुमति इन्हें प्राप्त नहीं थी। इन्हीं कारणों के चलते मजारों को अतिक्रमण घोषित कर उन्हें रविवार को गिराया गया।

## आतंकवाद प्रभावित पहलगाम में अमरनाथ मार्ग पर चेहरा पहचानने वाली प्रणाली लगाई गई



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अमरनाथ यात्रा के पहलगाम मार्ग पर तीर्थयात्रियों पर किसी भी आतंकवादी हमले को रोकने के लिए चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) लगाई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस प्रणाली में एक विशेषता है जो किसी भी संग्दिध व्यक्ति के निगरानी कैमरे की नजर में आने पर सुरक्षा बलों को वास्तविक समय में सचेत कर देती है। अमरनाथ यात्रा की पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय और संग्दिध आतंकवादियों की तस्वीरें इस प्रणाली में डाली गई हैं। अधिकारी ने कहा, जिन आतंकवादियों की तस्वीरे उपलब्ध कराई गई है यदि उनसे मेल खाता कोई संग्दिध व्यक्ति फ्रेम में आएगा, सुरक्षा बलों द्वारा संचालित निगरानी केंद्र पर हूटर बजने लगेगा, ताकि खतरे को समाप्त करने के लिए वास्तविक समय में कदम उठाए जा सकें। एफआरएस डिजिटल फोटोग्राफ या वीडियो से चेहरे की विशेषताओं का विश्लेषण करके तथा डाटाबेस में मिलान ढूंढकर किसी व्यक्ति की पहचान करता है।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान क्षतिग्रस्त घरों के लिए 25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता मंजूर

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में यह घोषणा की थी कि पाकिस्तान की गोलाबारी से पूरी तरह क्षतिग्रस्त प्रत्येक मकान के लिए दो लाख रुपये और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए एक लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि दी जाएगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2,060 घरों के लिए गृह मंत्रालय से 25 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की बयान में यह भी कहा गया कि पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सहायता राशि प्रदान की जाएगी। अमित शाह ने 29-30 मई को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सीमा पार से हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र भी सौंपे थे। मानकों के अनुसार, सीमा पार गोलाबारी से हुए नुकसान के लिए तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाता है।

---



## व्रत - त्यौहार

**10.06.2025 :** चम्पक चतुर्दशी बंगाल
**11.06.2025 :** संत कबीरदास जयंती
**12.06.2025 :** गुरु गोविन्द सिंह जयंती
**14.06.2025 :** संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी व्रत

## शनिवार को पीपल पूजन का क्या है महत्व

सनातन धर्म में पीपल के वृक्ष को अत्यंत पवित्र और पूजनीय माना गया है। विशेष रूप से शनिवार के दिन इसकी पूजा करने का विशेष महत्व है। धार्मिक ग्रंथों, पुराणों और शास्त्रों में पीपल को ईश्वर का निवास स्थान बताया गया है। मान्यता है कि पीपल में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है, वहीं शनिदेव भी इस वृक्ष में विशेष रूप से प्रतिष्ठित माने जाते हैं। अतः शनिवार को पीपल की पूजा करने से सभी ग्रहदोष विशेषकर शनि दोष का शमन होता है।

**पौराणिक मान्यताएं**

पद्म पुराण, स्कंद पुराण और ब्रह्मवैवर्त पुराण जैसे ग्रंथों में पीपल की महिमा का वर्णन मिलता है। कहा जाता है कि भगवान विष्णु इस वृक्ष में प्रतिदिन प्रातःकाल वास करते हैं। श्रीकृष्ण ने भी गीता में स्वयं को वृक्षों में पीपल कहा है अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम्। वहीं एक कथा के अनुसार जब शनिदेव ने तपस्या की, तब उन्होंने पीपल वृक्ष की छाया में वर्षों ध्यान लगाया। इससे प्रसन्न होकर त्रिदेव ने उन्हें यह वरदान दिया कि जो व्यक्ति शनिवार को पीपल की पूजा करेगा, उसकी शनि से संबंधित बाधाएं दूर होंगी।

**शनिवार को पूजा का कारण**

शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित होता है, और पीपल को शनिदेव का प्रिय वृक्ष माना जाता है। इसलिए इस दिन पीपल की पूजा करने से शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है और जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। विशेष रूप से जो लोग साढ़ेसाती, ढैया या शनि की महादशा से पीड़ित होते हैं, उनके लिए यह पूजा अत्यंत फलदायक मानी जाती है।

**पूजा विधि**

शनिवार को प्रातः स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण कर पीपल के वृक्ष के नीचे जाएं। वहां जल, दूध, गंगाजल, काले तिल और पुष्प चढ़ाएं। सरसों के तेल का दीपक जलाएं और सात परिक्रमा करें। शनिदेव का ध्यान कर ॐ शनैश्चराय नमः अथवा ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। इस दिन पीपल को न काटें और न ही किसी प्रकार की हानि पहुंचाएं।

**पीपल पूजन के लाभ**

**शनि दोष से मुक्तिः** शनिवार को पीपल की पूजा करने से शनि की कुदृष्टि शांत होती है और शनि दोष के कारण आने वाली परेशानियां कम होती हैं।

**पुण्य की प्राप्तिः** धार्मिक दृष्टिकोण से पीपल की पूजा करने से कई जन्मों के पाप नष्ट होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है।

**स्वास्थ्य और समृद्धिः** पीपल के नीचे ध्यान या मंत्रजप करने से मानसिक शांति मिलती है और रोग-निवारण में भी मदद मिलती है।

**पितृ दोष से मुक्तिः** मान्यता है कि पीपल की पूजा करने से पितृ दोष भी शांत होता है।

**संतान सुख की प्राप्तिः** जो महिलाएं संतान प्राप्ति की इच्छा रखती हैं, उनके लिए भी पीपल की पूजा विशेष फलदायक मानी गई है।

# रामचरित मानस में नारी धर्म

डा नीरज भारद्वाज

टूटते मानव मूल्यों और संस्कार हीन होते इस दौर में 'मानस' को समझना तथा इसके सभी पक्षों पर बार-बार अध्ययन करना हर एक मानव के लिए आवश्यक हो गया है। 'रामचरित मानस' ही संस्कारों का वह सागर है जिसमें कहीं भी गोता लगाओ, वहां रत्न ही रत्न हाथ आते हैं।

'मानस' में आदर्श समाज के साथ-साथ आदर्श राजा और उसके गुण, आदर्श माता, आदर्श पिता, आदर्श पुत्रा, आदर्श पत्नी, आदर्श पति, आदर्श मित्रा, आदर्श सेवक, आदर्श भाई, आदर्श शत्रु आदि सभी के बारे में विस्तार से बताया, समझाया व उन्हें निभाते हुए दिखाया गया है।

हमें ऐसा लगता ही नहीं कि 'मानस' को एक क्षण के लिए छोड़ देना चाहिए। तुलसीदास ने जिन नैतिक मूल्यों की स्थापना 'मानस' में की है, वे जनता के मनोबल को दृढ़ करने वाले हैं, उसे संघर्ष के रास्ते पर आगे बढ़ाने वाले हैं।

वास्तव में तुलसीदास कवि, भक्त, पंडित, सुधाकर, लोकनायक और भविष्य सृष्टा सभी कुछ दिखाई देते हैं। 'मानस' में आदर्श नारी की भावना, विचार और नारी के कर्तव्यों का भी वर्णन किया गया है, कुछ विचारक व चिंतक तुलसी के नारी के प्रति भाव पर प्रश्नचिंह लगाते हैं पर यह विवाद का विषय है और हम इन सब बातों से ऊपर उठकर मानस में नारी धर्म और नारी कर्तव्यों की ओर दृष्टि डाल रहे हैं।

'मानस' में अत्रि ऋषि की पत्नी अनुसूइया द्वारा नारी धर्म की जो बातें कहीं गई, वे बड़ी ही विचारणीय व समाज सापेक्ष हैं। वह कहती हैं, 'मातु, पिता, भ्राता हितकारी, मितप्रद सब सुन राजकुमारी, अमित यानी भर्त्ता बयदेही, अधम सो नारि जो सेव न तेही।। अर्थात् माता, पिता, भाई सभी हित करने वाले हैं परंतु ये सब एक सीमा तक ही सुख देने वाले हैं। पति तो असीम सुख देने वाला है। वह स्त्राी अधम है, जो अपने पति की सेवा नहीं करती।

मानस में चार प्रकार की पतिव्रताएं बताई गई हैं।।

'उत्तम के अस बस मन माहि। सपने हुँ आन पुरूष जग नाहि।

अर्थात् उत्तम श्रेणी की प्रतिव्रता के मन में केवल अपने ही पति का भाव बसता है। दूसरा पुरूष उसके स्वप्न में भी नहीं है। मध्यम श्रेणी की पतिव्रता पराये पति को या समान अवस्था के पुरूष को भाई के रूप में देखती है। बड़े को पिता के रूप में और छोटे को पुत्र के रूप में देखती है। जो धर्म को विचार कर और अपने कुल की मर्यादा समझकर बची रहती है, वह निकृष्ट स्त्री है, ऐसा वेद कहते हैं और जो स्त्री मौका न मिलने से या भयवश पतिव्रता बनी रहती है, जगत में उसे अधम स्त्री बताया गया है। पति को धोखा देने वाली जो स्त्री पराये पति से रति करती है, वह तो सौ कल्प तक रौश्व



नरक में पड़ी रहती है।

'बिनु श्रम नारि परम गति लहई। पतिव्रत धर्म छाड़ि छल गहई।।

और जो स्त्री छल छोड़कर पतिव्रता धर्म को ग्रहण करती है, वह बिना ही परिश्रम के परम गति को प्राप्त करती है। 'मानस' में माता सीता के अलावा अन्य नारी पात्रा भी हैं जो पति धर्म का व्रत धारण करें और पति का हर स्थिति में साथ निभाने, उन्हें अच्छे बुरे का ज्ञान कराने व समझाने का काम करती हैं। बालि की पत्नी तारा व रावण की पत्नी मंदोदरी आदि भी पूर्ण प्रतिव्रत धर्म को धारण किए हुए हैं। तारा के चरण पकड़ कर समझाती हैं कि,

'सुनु पति जिन्हहि मिलेउ सुग्रीवा। ते हो बंधु तेज बल सीवा। कोसलेस सुत लछिमन राम। कालहु जीति सकहि संग्रामा।।'

अर्थात् हे नाथ! सुनिए सुग्रीव जिनसे मिले हैं, वे दोनों भाई तेज और बल की सीमा हैं। वे कोसलधीश दशरथ पुत्रा राम और लक्ष्मण संग्राम में काल को भी जीत सकते हैं पर बाली पत्नी की बाते न मानकर संग्राम में चला जाता है और परम गति को प्राप्त होता है।

भगवान राम बालि के मारने का कारण बताते हुए कहते हैं, 'अनुज वधु भगिनी सुत नारी। सुनु सठ कन्या सम ए चारी। इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई। ताहि बंधे कुछ पाप न होई।' अर्थात् छोटे भाई की स्त्री, बहिन, पुत्रा की स्त्री और कन्या, ये चारों समान हैं। इनको जो कोई बुरी दृष्टि से देखता है, उसे मारने में कुछ भी पाप नहीं होता।

मंदोदरी भी रावण को बार-बार समझाने का प्रयास करती है और कहती है, 'कंत करष हरि सन परिहरहू। मोर कहा अति हित हियँ धरहूँ।' अर्थात् हे प्रियतम, श्री हरि से विरोध छोड़ दीजिए। मेरे कहने को अत्यंत ही हितकर जान कर हृदय में धारण कीजिए। सीता को राम के पास लौटा दीजिए और गृह कलह को भी शांत कीजिए।

इतना ही नहीं, रामायण में नारी धर्म और पतिव्रत के बहुत से प्रमाण हमारे सामने हैं। इनमें मांडवी, उर्मिला, सुलोचना आदि को भी नहीं भुलाया जा सकता लेकिन अब बदलते इस कामौकतक संसार में धर्म और नीति दोनों बदल रहे हैं। सभी केवल देह सुख का लाभ उठाने में लगे हैं। किसी को ऊंच-नीच का कोई भेद दिखाई नहीं दे रहा। सब अपनी मस्ती में तल्लीन हैं। तुलसीजी लिखते हैं कि, 'हाड़ मांस की देह से क्यों की इतनी प्रीत, जो होती रघुवीर में तो कट जाती भव भीत।।'

'मानस' हर क्षण, हर समय प्रेरणा देने वाला एक पवित्रा ग्रंथ है। यह हमें ऊर्जा और प्रकाश देता रहता है। 'मानस' में श्री राम के माध्यम से कहा भी गया है, ''मिर्नल मन जन जो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा।।''

महाकवि तुलसीदास और 'रामचरित मानस' को हमारा कोटि-कोटि नमन। (उर्वशी)

# क्या घर में रख सकते हैं राम दरबार?



5 जून को राम नगरी अयोध्या में पूरे विधि विधान के साथ खास अभिजीत मुहूर्त में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर खास वैदिक मंत्रों से गूंज उठा। अयोध्या और काशी के 101 आचार्यों ने मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। ऐसे में कई लोगों के मन में यह जिज्ञासा बढ़ रही है कि क्या राम दरबार की स्थापना अपने घर में भी की जा सकती है? अगर हां, तो इसके लिए किन नियमों का पालन करना चाहिए और इससे क्या लाभ मिलते हैं? आज हम इस लेख में इन सभी सवालों के बारे में जानेंगे।

**क्या घर में राम दरबार की स्थापना कर सकते हैं?**

घर में राम दरबार स्थापित किया जा सकता है, लेकिन ध्यान रहे कि यह साधारण मूर्तियों की स्थापना नहीं है, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और उनके पूरे दरबार को सम्मानपूर्वक स्थान देना है। इसलिए कुछ विशेष नियमों और मर्यादाओं का पालन आवश्यक है।

**राम दरबार की दिशा क्या होनी चाहिए?**

घर में राम दरबार स्थापित करने के लिए उत्तर, पूर्व या पश्चिम दिशा का चयन करना सबसे उचित होता है। इन दिशाओं का उल्लेख शास्त्रों में किया गया है और यह शुभ मानी जाती हैं। इसके साथ ही घर में भगवान की सेवा के नियम, मंदिरों से थोड़े अलग होते हैं। अतः घर में राम दरबार स्थापित करते समय विशेष अनुशासन जरूरी है।

**घर में राम दरबार की पूजा कैसे करें?**

- सूर्योदय से पहले उठकर नित्यकर्म के बाद स्नान करना चाहिए।
- दरबार में प्रवेश से पहले साफ-सुथरे और मर्यादित वस्त्रों पहनें।
- राम दरबार में प्रवेश करने से पहले तीन बार ताली बजाकर प्रभु को जागृत करें।
- गंगाजल, नर्मदा जल या किसी शुद्ध स्रोत के जल से भगवान को स्नान कराएं। फूल अर्पित करें और श्रृंगार करें।
- भगवान को श्रद्धा से पकवानों का भोग लगाएं और फिर आरती करें।
- इस तरह की लघु सेवा से घर में ही प्रभु श्रीराम की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर

## सामने आस्ट्रेलिया की कठिन चुनौती




**लंदन :** वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंसट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी। टीम ने डब्ल्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी। टीम के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद है। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभई। उन्होंने आईपीएल में 12 मैचों में 22 विकेट लेकर दमदार प्रदर्शन किया।


### हम अतीत के दिग्गजों का सम्मान करना चाहते हैं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले बोले महाराज



दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज बुधवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ग्रीम स्मिथ और उनकी टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन रही टीम के साथी खिलाड़ियों का अनुसरण करना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने 13 साल पहले लॉर्ड्स पर ही टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। उस टीम में स्मिथ, जाक कैलिस, डेल स्टेन जैसे खिलाड़ी थे जिन्होंने इंग्लैंड को मात दी थी। महाराज ने कहा ,'' मुझे वह पल याद हैं जब उन्होंने गदा को उठाया था। हम अपने लिये जीतना तो चाहते ही हैं लेकिन अतीत के दिग्गजों को भी सम्मानित करना चाहते हैं। उम्मीद है कि यह खिताब जीतकर हम भी उनकी जमात में शामिल हो सकेंगे। '' दक्षिण अफ्रीका लगातार सात टेस्ट जीतकर लंदन पहुंची है। उसे आखिरी बार फरवरी 2024 में टेस्ट मैच में पराजय मिली थी।

# मुझे कप्तानी पसंद है क्योंकि इससे काफी जिम्मेदारी आती है : अय्यर

**मुंबई :** कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले साल आईपीएल खिताब दिलाने के बाद इस साल पंजाब किंग्स को फाइनल में ले जाने वाले भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें कप्तानी पसंद है क्योंकि इससे वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। अय्यर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए 604 रन बनाये लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। अय्यर ने सोबो मुंबई फाल्कंस को टी20 मुंबई लीग सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद कहा ,'' कप्तानी से काफी परिपक्वता और जिम्मेदारी आती है। आपसे हमेशा अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है और आप टीम



के लिये सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं। किसी भी तरह की विषम परिस्थिति या प्रतिकूलता में टीम कप्तान के ही पास आती है। '' उन्होंने कहा ,'' मैं 22 वर्ष की उम्र से कप्तानी कर रहा हूं। मुझे इसमें मजा आता है। '' अय्यर ने कहा कि दबाव वाले हालात को वह चुनौती की तरह लेते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा ,'' मैं अपने जोन में जाने की कोशिश करता हूं। मैं प्रयास करता हूं कि पूरा फोकस रहे, वर्तमान में रहूं और हालात को देखकर प्रदर्शन करूं। मैं खुद से कहता रहता हूं कि मैं चाहता हूं कि दर्शकों की जुबां पर मेरा नाम हो और इससे मुझे प्रेरणा मिलती है। '' अय्यर ने कहा कि इस टूर्नामेंट में जाने पहचाने चेहरों के साथ खेलकर अच्छा लग रहा है जो उनके बचपन के दिनों के क्रिकेट के सफर में उनके साथ थे। उन्होंने कहा ,'' ड्रेसिंग रूम में कई जाने पहचाने चेहरे हैं। मैने क्लब क्रिकेट में , स्कूल और कॉलेज में उनके साथ खेला है। फिर यहां उनके साथ खेलकर अच्छा लग रहा है। ''

### एशियाई कप क्वालीफायर में भारत के सामने हांगकांग की चुनौती

**कोवलून (हांगकांग) :** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिये आसान नहीं होगी। स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50000 टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं। वह 2013 से 2016 तक बेंगलुरू एफसी के कोच रहे जिसके बाद एटीके और राउंडग्लास पंजाब एफसी के भी कोच रहे। विश्व रैंकिंग में 127वें स्थान पर काबिज भारत ने मार्च में बांग्लादेश से ड्रॉ खेला था। वहीं 153वीं रैंकिंग वाली हांगकांग टीम ने सिंगापुर से ड्रॉ खेला। हांगकांग के लिये यह ऐतिहासिक दिन होगा। पिछले 59 साल में एएफसी एशियाई कप में दूसरी बार जगह पाने को आतुर हांगकांग के 50000 की दर्शक क्षमता वाले केइ ताक स्टेडियम में यह पहला फुटबॉल मैच भी होगा।

## भारतीय घरेलू सत्र: कोलकाता और दिल्ली में विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैचों की अदला-बदली

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम भारत के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। समझा जाता है कि बीसी-सीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी, उसके बाद दिल्ली टेस्ट होगा। भारतीय टीम इसके बाद विभिन्न स्थानों पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीनों प्रारूपों की पूरी श्रृंखला खेलेगी। इसमें दो टेस्ट मैच तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे।

## जीत के करीब आकर फ्रेंच ओपन का खिताब चूकने से सिनर का दिल टूटा

**पेरिस :** शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी ल फ्रेंच ओपन में दमदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में खिताब के बेहद करीब आकर हार का सामना करने से निराश है। गत चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ सिनर के पास चौथे सेट में तीन मैच प्वाइंट थे लेकिन वह इसे भुनाने में नाकाम रहे। दूसरे वरीय और गत विजेता अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को इटली के 23 साल के सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। चौथे सेट में 22 साल



केअल्कारेज 3-5 के स्कोर के बाद 0-40 से पीछे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए टाईब्रेकर में 7-6 से जीत हासिल की। सिनर ने मैच गंवाने के बाद कहा, ''यह एक अद्भुत ट्रॉफी है, इसलिए मैं आज रात ठीक से सो नहीं पाऊंगा, लेकिन यह ठीक है।'' उन्होंने इस हार पर निराशा जताते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' जाहिर है, यह निराशा-जनक है।।''


## धोनी सहित सात क्रिकेटर आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में

**लंदन :** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज हाशिम अमला के साथ वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। आईसीसी अपने हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं। आईसीसी ने बयान में कहा, ''दबाव में अपने शांत स्वभाव और बेजोड़ रणनीतिक कौशल के लिए मशहूर, साथ ही छोटे प्रारूपों में एक अग्रणी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की खेल के सबसे महान फिनिशर, नेतृत्वकर्ता और विकेटकीपर के रूप में विरासत को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल करके सम्मानित किया गया है।'' बयान के अनुसार, ''भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 शिकार और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैच के साथ धोनी के आंकड़े ना केवल उत्कृष्टता बल्कि असाधारण स्थिरता, फिटनेस और लंबे करियर को दर्शाते हैं।'' भारत को 2007 में टी20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले धोनी ने आईसीसी द्वारा साझा किए गए बयान में कहा, ''आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना सम्मान की बात है जो दुनिया भर के विभिन्न पीढ़ियों के क्रिकेटरों के योगदान को मान्यता देता है।'' उन्होंने कहा, ''ऐसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों के साथ आपका नाम याद किया जाना एक अद्भुत एहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।''



# बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय




यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ। चार दिन की तेजी से निफ्टी 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि सेंसेक्स 1,707 अंक मजबूत हुआ है। अमेरिका और चीन के बीच एक और दौर की व्यापार वार्ता को लेकर भी बाजार में धारणा सकारात्मक रही। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सप्ताह आरबीआई के नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया है। इससे अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों में तेजी आई है। ऊर्जा, आईटी और वित्तीय क्षेत्र प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक ने मानक सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वित्तीय शेयरों में तेजी जारी रही। इसका कारण आरबीआई की नीतिगत दर और सीआरआर में कटौती है। इन उपायों से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और निकट से मध्यम अवधि में, विशेष रूप से मिडकैप में नकदी यानी लिवाली बढ़ाने की उम्मीद है।'' सेंसेक्स के शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, मारुति, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी सबसे ज्यादा लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील और भारती एयरटेल शामिल हैं।

## जीवन बीमा कंपनियों के नए प्रीमियम संग्रह में अप्रैल-मई में 11 प्रतिशत की वृद्धि

**नयी दिल्ली :** जीवन बीमा कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में नए व्यवसाय से प्रीमियम संग्रह में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। जीवन बीमा परिषद ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मई 2025 में नए व्यवसाय से प्रीमियम संग्रह में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नए व्यवसाय से प्रीमियम आय मई 2025 में बढ़कर 30,463 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 27,034 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दो महीनों में संग्रह सालाना आधार पर 47,293 करोड़ रुपये से बढ़कर 52,427 करोड़ रुपये हो गया। इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय जीवन बीमा कंपनियों को दिया गया, जिन्होंने पहली बार जीवन बीमा लेने वालों को प्रोत्साहित किया। मई 2025 में संयुक्त व्यक्तिगत प्रीमियम संग्रह में 3.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। परिषद ने बताया कि जीवन बीमा उद्योग में व्यक्तिगत एकल प्रीमियम में सालाना आधार पर 5.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह मई 2025 में 3,525 करोड़ रुपये रहा। देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का नए व्यवसाय से प्रीमियम मई 2025 में 10.27 प्रतिशत बढ़कर 18,405.04 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 16,690.39 करोड़ रुपये था।

## भारत में जल्द ही खुद की 'बिग फोर' लेखा कंपनियां होंगी: गोयल

**बर्न :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत में बड़ी घरेलू लेखा कंपनियां बनाने की कोशिश कर रही है और देश में जल्द ही अपनी खुद की 'बिग फोर' कंपनियां होंगी। वर्तमान में दुनिया की 'बिग फोर' पेशेवर सेवा कंपनियां डेलॉयट, पीडब्ल्यूसी या प्राइसवाटरहाउस कूपर्स, अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) और केपीएमजी हैं। ये चारों विदेशी कंपनियां भारत के लेखा परीक्षण और परामर्श क्षेत्र में हावी हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अब हम अपनी खुद की 'बिग फोर' कंपनियां बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पहले नियम (दोस्ताना नहीं) थे...आप जानते हैं, हम



विलय नहीं कर सकते थे। हमारी सोच भी अलग थी। अब धीरे-धीरे लोग समझ रहे हैं...भारत में बहुत जल्द हमारी अपनी बिग फोर कंपनियां होंगी...।'' गोयल इस समय यूरोपीय देशों की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

## डीआरआई ने मणिपुर में 55 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त कीं

**नयी दिल्ली :** पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों के एक संयुक्त दल ने मणिपुर में लगभग आठ किलोग्राम हेरोइन और 6.7 किलोग्राम अफीम जब्त की है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। नशीली दवाओं



के अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हेरोइन की कीमत 54.29 करोड़ रुपये और अफीम की कीमत 87.57 लाख रुपये बताई गई है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क विभाग, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के एक संयुक्त दल ने पांच-सात जून को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती इलाकों में 'ऑपरेशन व्हाइट वेल' नाम से एक विशेष अभियान चलाया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों के संयुक्त दल ने नशीली दवाओं के अंतरराष्ट्रीय बाजार में 54.29 करोड़ रुपये की 7,755.75 ग्राम हेरोइन और 87.57 लाख रुपये की 6,736 ग्राम अफीम जब्त की। साथ ही 35.63 लाख रुपये नकद भी जब्त किए। इस अभियान के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि जब्त की गई नशीली दवाएं भारत-म्यामां सीमा के झरझरा जंगलों के जरिए म्यामां से तस्करी करके लाई गई थी।

## पाकिस्तान का कर्ज मार्च 2025 तक बढ़कर 76,000 अरब पाकिस्तानी रुपये पर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान का कर्ज चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में बढ़कर 76,000 अरब पाकिस्तानी रुपया हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया है। समीक्षा के अनुसार, नकदी की कमी से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि अर्थव्यवस्था पिछले दो वर्षों से सुधार की राह पर है, और चालू वित्त वर्ष में यह प्रक्रिया और मजबूत हुई है। समीक्षा वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार के आर्थिक प्रदर्शन पर प्रकाश डालने वाला एक प्रमुख दस्तावेज है। पाकिस्तान का वित्त वर्ष एक जुलाई से शुरू होता है। समीक्षा के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में सरकार का कर्ज बढ़कर 76,000 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया, जिसमें स्थानीय बैंकों से 51,500 अरब पाकिस्तानी रुपये और बाह्य स्रोतों से 24,500 अरब पाकिस्तानी रुपये का कर्ज शामिल है।

## टाटा मोटर्स की 2030 तक 35,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना, सात नए मॉडल लाने की तैयारी

**नयी दिल्ली :** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने अगले चार वित्त वर्षों में 30 उत्पाद गतिविधियों पर 33,000 करोड़ रुपये से लेकर 35,000 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बनाई है। इस दौरान सात नए मॉडल भी पेश करने की तैयारी है। टाटा समूह की कंपनी अपने यात्री वाहन पोर्टफोलियो में उन्नत प्रौद्योगिकी और इंजन प्रणाली लाने पर भी निवेश करने की योजना बना रही है। टाटा मोटर्स वित्त वर्ष 2026-27 तक 16 प्रतिशत (ईवी सहित) और अगले दो-तीन वर्षों में लगभग 18-20 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी की उम्मीद कर रही है। कंपनी ने विश्लेषकों के समक्ष एक प्रस्तुति में उम्मीद जताई कि घरेलू यात्री वाहन उद्योग वर्ष 2030 तक सालाना 60 लाख इकाई तक बढ़ जाएगा। कंपनी ने कहा, ''हम वित्त वर्ष 2029-30 तक अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करेंगे। इसमें सात नए उत्पाद और 23 उत्पादों के नए संस्करण शामिल होंगे।'' टाटा मोटर्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 से लेकर 2029-30 के दौरान 33,000 करोड़ रुपये से लेकर 35,000 करोड़ रुपये तक का पूंजीगत व्यय किया जाएगा। इसका इस्तेमाल अभिनव उत्पादों, सॉफ्टवेयर-संचालित वाहनों (एसडीवी), उन्नत प्रौद्योगिकियों और इंजन प्रणाली पर किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि यात्री वाहन खंड में वह नए और विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ मजबूत वृद्धि हासिल करना चाहती है। इसके लिए वह बिक्री बढ़ाने के साथ ही अपने सर्विस नेटवर्क पर भी विशेष ध्यान देगी।

### ऑडी ने भारत में पेश किया ए4 का विशेष संस्करण, कीमत 57.11 लाख रुपये से शुरू

**मुंबई :** लग्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने सोमवार को भारत में अपनी लोकप्रिय कार 'ऑडी ए4' के नए सिग्नेचर संस्करण को पेश करने की घोषणा की। इसकी शुरुआती कीमत 57.11 लाख रुपये है। जर्मन कंपनी ने एक बयान में कहा कि ऑडी ए4 मॉडल के सिग्नेचर संस्करण की सीमित इकाइयां ही बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। यह संस्करण कई नई खूबियों एवं खास सुविधाओं से लैस है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि ऑडी ए4 का यह विशेष संस्करण ग्राहकों को बेहतरीन स्टाइल एवं खूबियों से सुसज्जित कार खरीदने का मौका देगा। यह कार 2.0 लीटर के टीएफएसआई इंजन से संचालित होती है जो 204 हार्स पावर की ताकत पैदा करता है। इसके दम पर कार महज 7.1 सेकंड में ही 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है।

## दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज विणिंगम बंदरगाह पहुंचा



**तिरुवनंतपुरम :** दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना सोमवार सुबह विणिंगम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जहाज मंगलवार तक यहां रहेगा। यह जहाज सोमवार सुबह आठ बजे विणिंगम पहुंचा। यहां पहुंचने पर उसका स्वागत पारंपरिक जल सलामी के साथ किया गया। एमएससी इरिना का आगमन नए गहरे पानी वाले बंदरगाह के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसका औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो मई को किया था। करीब 24,346 टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) वहन क्षमता वाला यह विशाल जहाज वैश्विक व्यापार के बढ़ते पैमाने और इसमें भारत की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि. के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''24,346 टीईयू क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना का विणिंगम बंदरगाह पर स्वागत करते हुए हम गर्व महसूस कर रहे हैं। यह जहाज दक्षिण एशियाई तटों पर पहली बार आया है, जो इसे न केवल विणिंगम के लिए, बल्कि वैश्विक ट्रांसशिपमेंट (एक जहाज से दूसरे जहाज में माल चढ़ाना) में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की बेहतर होती स्थिति को दर्शाता है।'' लगभग 399.9 मीटर लंबा और 61.3 मीटर चौड़ा यह जहाज फीफा के एक मानक फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है। एशिया और यूरोप के बीच बड़ी मात्रा में कंटेनर के परिवहन की सुविधा के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया एमएससी इरीना व्यापार मार्गों और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है।

॥ वंदे श्री ऋषभं वीरं ॥

SEVA · KNOWLEDGE · ECONOMIC EMPOWERMENT · JITO

JITO BUSINESS NETWORK
Powered by PAGARIYA

JITO KOLKATA

PRESENTS

# INSIGHT ON
# VOCAL FOR LOCAL



**SHRI SUNIL SINGHI**
*Chairman,*
*National Traders Welfare Board*
*Govt. of India*



**SHRI VINOD DUGAR**
*Promoter of RDB Group*
*Hon. Consul of the Republic of Malawi, Kolkata*

**Moderator:**



**SHRI SIDDHARTH MALOO**
*Founder, Raprocure*

## IN THE GRACIOUS PRESENCE OF

**SMT. SHEETAL DUGAR**
*Chairperson, JITO Ladies Wing Apex*

**SMT. KALPANA BAID**
*Chairperson, JITO East Zone*

**SHRI BHAVEN KAMDAR**
*Chairman, JITO JITEM Apex*
*Board Member, National Traders Welfare Board*
*Govt. of India*

**TUESDAY, 10TH JUNE, 2025 | 7 PM**

**VENUE: GANPATI BANQUETS**
4A Short Street, Kolkata - 700 016

## WORKING COMMITTEE

*Chairman*
**DHARMENDRA JAIN**

*Chief Secretary*
**SUMIT KOTHARI**

*Treasurer*
**VIVEK JAIN**

*Vice Chairman*
Nirmal Kr Jain | Ratan Dugar | Rajendra Kr Jain

*Secretaries*
Rishab Nahata | Shashi Dugar

*Jt Treasurer*
Sandeep Bucha

*Convenors*
Aditya Shyamsukha | Bhairo Dan Surana | Bijay Singh Jain (Bawalia) | Binod Sancheti | Amar Gathani | Vikash Baid
Deepak Bothra | Dinesh Jain (Gangwal) | Dinesh Sancheti | Kanak Kr Jain | Khilen Shah | Mehul Meghani | Rekha Tatia
Sandeep Lalwani | Subhash Chand Bagra | Sushil Sethia | Vikas Golchha | Sandeep Singh Munot | Vikram Singh Sethia

*Co-Convenors*
Abhishek Jain | Anuj Bagrecha | Anuj Jain | Hemal Meghani | Manish Jain | Naveen Bardia | Premal Mehta
Pulkit Kothari | Rajendra Kr Sethia | Vikash Kr Bothra

*Board Of Directors*
Amitabh Dassani | Anupam Baid | Dr Rakesh Binaykia | Jitendra Kr Mehta | Manish Dhariwal | Mukesh Jain
Narendra Kr Bachhawat | Rohit Surana | Rupi Jain | Smriti Mehta | Vikash Parakh

*Advisory Committee*
Sanjay Kr Jain | Sarvesh Jain (Patni)
Amit Kothari | Narendra Shyamsukha | Prakash Nahata
Rajesh Kr Bhutoria | Pankaj Kankaria

*Marg Darshak Mandal*
Anil Kr Saraogi | Bhikham Chand Pugalia
Dinesh Jain (Patni) | Kamal Singh Rampuria
Pramod Baid | Surendra Kr Dugar | Vinod Baid

raProcure®
RAPID APT PROCUREMENT

**First Dedicated online B2B Market place connecting verified Vendors with Manufacturers**

- Procurement platform of Manufacturers for Industrial Items
- Advanced Inventory Management Tool
- Real-time Indents / Inquiries floated directly through the Portal to the Vendors
- Auto Price Comparatives, Negotiations & e-Auctions

sales@raprocure.com www.raprocure.com 908880 44222


वर्ष 10, पूर्णांक 3262 अंक 072, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in